हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

मंडल पदाधिकारियों पर चावल दुकानों से हफ्ता मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में पीडीएस चावल की तस्करी का मामला बढ़ता जा रहा है। एक तरफ कलेक्टर इसके खिलाफ सख्त होकर कार्रवाई की तलवार चला रहे हैं, तो दूसरी ओर भाजपा नेताओं के लोग अपनेआप में ही हफ्ता लेने के लिए खींचतान कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामला कैंप एक जलेबी चौक के पास देखने को मिला। यहां एक मंडल अध्यक्ष के कार्यकर्ता ने फूड विभाग में शिकायत की पीडीएस दुकान से चावल ब्लैक हो रहा है, तो वहीं दूसरी ओर चावल दुकान की सेल्समैन ने युवक पर छेड़खानी और हफ्ता मांगने का आरोप लगाया है।

जलेबी चौक स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में सेल्समैन का काम करने वाली निशा यादव ने छावनी थाने में लिखित शिकायत दी है कि वो गुरुवार सुबह पीडीएस दुकान में लोगों को राशन बांट रहगी थी। इसी दौरान वहां भाजपा नेता औतार सिंह गिल पहुंचा। उसने कहा कि अगर दुकान चलाना है तो उसे 10 हजार रुपए महीना दो, क्योंकि वो भाजपा नेता और मंडल के आदमी हैं। इस पर निशा ने कहा कि वो इतनी बड़ी रकम नहीं दे सकती हैं, क्योंकि ईमानदारी से दुकान चलाने में इतनी कमाई नहीं होती और जब वो गलत नहीं कर रही है तो पैसा क्यों देगी। इस पर गिल भड़क गया और वहां चिल्लाने लगा कि तुम लोग चावल की कालाबाजारी कर रहे हो। निशा का आरोप है कि उसने उसका हाथ पकड़ा और उसके साथ अभद्रता की। निशा की शिकायत छावनी पुलिस ने ले ली है। थाना प्रभारी का कहना है कि वो मामले की जांच करेंगे, इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

पीडीएस चावल तस्करी और उसकी वसूली को लेकर भाजपा नेताओं में बढ़ी खींचतान



फूड इंस्पेक्टर ने तैयार किया पंचनामा

औतार सिंह गिल ने चावल बेचने की शिकायत फूड विभाग में की। वहां से फूड इंस्पेक्टर प्रगति चंद्राकर और कविता ठाकुर जांच में पहुंचे। उन्होंने औतार गिल की शिकायत को नोट किया। पंचनामा तैयार किया। औतार ने आरोप लगाया कि दुकान से तीन आटो में सफेद बोरियों में चावल भरकर भेजा गया। चौथा आटो जब लोड हो रहा था तब उसने उन्हें रोका और इसकी शिकायत कैंप मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह को की। उसने बताया कि उसने भाजपा नेता दुर्गेश चौधरी को बुलाया। इसके बाद मामले को लेकर काफी हंगामा हुआ।

आईआईटी कॉलेज के पास चावल को लेकर भाजपा नेताओं में हुआ था टकराव

कुछ दिन पहले ही दुर्ग जिले के कुछ भाजपा नेताओं ने जेवरा में आईआईटी के पास तीन चार आटो को रोका और हंगामा किया था। उनका आरोप था कि आटो में पीडीएस का चावल ब्लैक होने जा रहा था। थोड़ी देर बाद वहां भिलाई से भाजपा नेताओं का ग्रुप पहुंचा। दोनों के बीच काफी हंगामा और बहस हुई। मामले की सूचना खाद्य विभाग तक पहुंची, लेकिन जब तक अधिकारी वहां पहुंचते सभी आटो और लोग वहां से जा चुके थे। इस मामले में महीने में पैसे देने की मांग करने की बात सामने आई थी, लेकिन भिलाई के नेताओं ने कहा कि मामला भिलाई क्षेत्र का है इसलिए दुर्ग के लोग इसमें हस्तक्षेप न करें।

नहीं किया गवाहों ने हस्ताक्षर

दुकान के पास लोगों से पूछताछ करने पर उन्होंने कुछ भी जानकारी होने से मना किया। लोगों का कहना है कि दुकान से चावल बेचने जैसी कोई भी जानकारी नहीं है। फूड इंस्पेक्टर ने जो पंचनामा तैयार किया उसमें भी गवाह नहीं मिले हस्ताक्षर करने के लिए फूंड इंस्पेक्टर का कनहा है कि औतार सिंह गिल शिकायत लिखाने के बाद चला गया। वो फोन नहीं उठा रहा है। उसे विभाग बुलाया जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई जिला खाद्य नियंत्रक तय करेंगे।

कलेक्टर की लगातार जारी है कार्रवाई

पीडीएस चावल की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी। दुर्ग कलेक्टर इसे लेकर काफी सख्त हैं और लगातार उनके निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। यदि ऐसी कहीं भी सूचना मिलती है तो दुकान संचालक या संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
-अनुराग सिंह भदौरिया, जिला खाद्य नियंत्रक, दुर्ग

18 आपराधिक प्रकरणों वाले हरेराम प्रसाद पर जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले में कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए दुर्ग पुलिस द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सुपेला क्षेत्र के कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी निवासी हरेराम प्रसाद के खिलाफ जिलाबदर आदेश जारी किया गया है। जिला दण्डाधिकारी दुर्ग ने पुलिस प्रतिवेदन और उपलब्ध आपराधिक अभिलेखों के आधार पर 1 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत यह आदेश पारित किया है। आदेश के मुताबिक हरेराम प्रसाद को आदेश की तारीख से एक सप्ताह के भीतर निर्धारित जिलों की सीमा से बाहर जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाबदर आदेश में हरेराम प्रसाद के खिलाफ वर्ष 1999 से विभिन्न आपराधिक और प्रतिबंधात्मक प्रकरण दर्ज होने का उल्लेख किया गया है। पुलिस प्रतिवेदन में मारपीट, गाली-गलौज, धमकी, बलवा, चोरी, जुआ, शासकीय कार्य में बाधा और हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के प्रकरणों का उल्लेख है। आदेश के अनुसार 1 अक्टूबर से एक वर्ष तक हरेराम प्रसाद को बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के दुर्ग सहित कुल 7 जिलों की सीमा में प्रवेश करने पर प्रतिबंध रहेगा। दुर्ग समेत रायपुर, धमतरी, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की सीमा से बाहर रहने का आदेश जारी की गई है। जिला दण्डाधिकारी के आदेश में हरेराम प्रसाद के खिलाफ कुल 18 आपराधिक और प्रतिबंधात्मक प्रकरणों का उल्लेख किया गया है। इनमें वर्ष 1999 से लेकर 2015 तक के मामले शामिल हैं। इनमें धारा 307 सहित जुआ एक्ट और प्रतिबंधात्मक धाराओं के प्रकरण भी दर्ज होने का उल्लेख है। पुलिस के अनुसार, लंबे समय से दर्ज आपराधिक एवं प्रतिबंधात्मक प्रकरणों को देखते हुए सार्वजनिक शांति और कानून-व्यवस्था पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए जिलाबदर की कार्रवाई की गई है।



■ दुर्ग सजित 7 जिलों में एक साल प्रवेश प्रतिबंधित



पद्मनाभपुर में खड़ी कार में लगी अचानक आग



दुर्ग। पद्मनाभपुर क्षेत्र में बुधवार रात एक कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। कार सीजी 07 बीच 9100 में आग लगने की सूचना तत्काल अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की एक टीम को मौके के लिए रवाना किया गया। जिला सेनानी व जिला अग्निशमन अधिकारी दिनेश कुमार राउटे ने बताया कि अग्निशमन कर्मियों के मौके पर पहुंचने तक आग ने कार को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था। टीम ने आधुनिक अग्निशमन उपकरणों की मदद से तत्काल आग बुझाने का काम शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। एक दमकल वाहन के पानी का इस्तेमाल कर आग बुझाई गई और उसे आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोक लिया गया। आगजनी की इस घटना में कार मालिक नलिन कुमार लुनिया की कार को काफी नुकसान होने की बात सामने आई है।

गोदाम में 98 हजार की चोरी, 9 गिरफ्तार

भिलाई। ग्राम समोदा में निर्माण सामग्री से भरे गोदाम में चोरी के मामले का जेवरा सिरसा पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के मामले में तीन नाबालिग सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने चोरी की करीब 98 हजार रुपए कीमत की निर्माण सामग्री बरामद की है। चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दो आरोपी फरार है।

घटना 28 सितंबर की देर रात ग्राम समोदा नदी रोड स्थित एक खेत के गोदाम में हुई। पुलिस के मुताबिक, प्रार्थी विमल कुमार ताम्रकार (52) को रात करीब 11.38 बजे गोदाम के पास संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली। इसके बाद वे दुर्ग से समोदा स्थित गोदाम पहुंचे। रात करीब 12.25 बजे गोदाम पहुंचने पर उन्हें कुछ लोग सामान चोरी कर ले जाते दिखाई दिए। प्रार्थी ने आरोपियों को रोकने और पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान एक आरोपी ने कथित तौर पर लोहे के पाइप से उनके बाएं पैर के घुटने के नीचे वार कर दिया। इसके बाद आरोपी निर्माण सामग्री लेकर मौके से फरार हो गए। मामले की शिकायत के बाद चौकी जेवरा सिरसा पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मामले में लोकेश चन्द्राकर, भगवंत देशमुख, ताकेश देशमुख, योगेश निषाद उर्फ बाऊ, पिलेश्वर उर्फ प्रवीण देशमुख और अनुप मिश्रा उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। वहीं तीन नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वासु निषाद और गिरवर यादव घटना के बाद से फरार बताए गए हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



सेवा संकल्प अभियान : दो दिन से कलेक्टोरेट के सेवा सेतु केंद्र में इंटरनेट सेवा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले सहित प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नागरिक सुविधाओं का प्रमुखता से समाधान किया जा रहा, इधर दुर्ग कलेक्टोरेट में सामने आई लापरवाही

जिले में इन दिनों सेवा संकल्प अभियान चल रहा है। इसे एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाकर नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टोरेट परिसर में नियमित समीक्षा हो रही है।

इस दौरान एक खबर कलेक्टोरेट के लोक सेवा केंद्र यानी सेवा सेतु केंद्र से निकलकर सामने आई है। यहां पिछले दो दिनों यानी बुधवार और गुरुवार को इंटरनेट की सेवा बंद है। इंटरनेट की सेवा किन कारणों से बंद है यह जानकारी न तो यहां के कर्मचारियों को है, न ही अधिकारियों को। पूछने पर सिर्फ इतना कहा जा रहा है कि अपरिहार्य कारणों से



इंटरनेट की सर्विस बंद है। आप दूसरे किसी केंद्र या ऑनलाइन प्रमाण पत्र निकालकर ले आइए, हम सील लगा देंगे। इसके अलावा जो लोग नए आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं, उन्हें लौटाया जा रहा है। बता दें कि केंद्र से प्रतिदिन 300 से ज्यादा आवेदन लिए जाते हैं। आय, जन्म, मृत्यु, निवासी, जाति सहित अन्य जरूरी दस्तावेज बनाए जाते हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए केंद्र को खोला गया है, जहां आवेदन जमा करने के बाद पंजीयन कब होगा और प्रमाण पत्र कब तक मिला, कुछ भी स्पष्ट नहीं किया जाता, लोग नियमित रूप से अपने आवेदन की जानकारी के लिए चक्कर लगाते हैं। फिलहाल दो दिन से इंटरनेट की सेवा ठप है। जिले के अन्य क्षेत्रों में सेवा सेतु केंद्र चालू हैं। तहसील कार्यालय, डाटा सेंटर, च्वाइस सेंटर सहित अन्य जगहों की सेवाएं चालू है। सिर्फ कलेक्टोरेट में ही इंटरनेट की वजह से सेवा बंद है।

1 से 7 अक्टूबर तक लगेंगे शिविर, दावा ; पहले ही दिन कई प्रकरणों का निराकरण



सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आम नागरिकों को शासकीय सुविधाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए 1 से 7 अक्टूबर तक विकासखंड एवं विधानसभावार विशेष सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के पहले दिन आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे, जहां उन्हें विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई। इस शिविर में उरला, करहीडीह, सिकोला, बघेरा, दुर्ग शहर, फुलगांव, पोटियाकला, बोरसी, कसारीडीह, तितुरडीह एवं कातुलबोड क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर के दौरान समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, प्रधानमंत्री आवास एवं राजस्व विभाग से जुड़े नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खाता विभाजन और डायवर्सन जैसे महत्वपूर्ण मामलों के आवेदन प्राप्त किए गए, जिनमें से कई आवेदनों का अधिकारियों द्वारा मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में 62 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 34 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। परिजनों को मिनटों में मिला मृत्यु प्रमाण पत्र- शिवपारा निवासी तेज प्रकाश यादव का 25 सितम्बर को निधन हो गया था, लेकिन उनका मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पाया था। जब उनके परिजनों को सेवा सेतु शिविर की जानकारी मिली, तो उन्होंने शिविर पहुँचकर प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। विभागीय अधिकारियों की तत्परता से महज कुछ ही मिनटों में उनका मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर परिजनों को सौंप दिया गया। ईश्वर सिंह राजपूत ने अपने भू-अभिलेख से संबंधित दस्तावेजों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें मौके पर ही बी-1 (खतौनी) और पी-2 (खसरा) की प्रतिलिपियाँ प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से एक ही जगह पर तुरंत दस्तावेज प्राप्त होने से हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर अलका बाघमार एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, आयुक्त लीना कोसम, अपर कलेक्टर सिल्ली थॉमस, एसडीएम सोनल डेविड, तहसीलदार पवन ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

खबर संक्षेप

बीएसएनएल स्थापना दिवस समारोह का बायकाट



दुर्ग। अधिकारियों कर्मचारियों का संयुक्त मंच ने वेतनमान की मांग के आंदोलन को सख्त करने का निर्णय ले लिया है । विगत 25 वर्षों से 1 अक्टूबर को बीएसएनएल स्थापना दिवस के समारोह को उल्लास पूर्वक मनाकर सरकारी आयोजन को सफल बनाते रहे हैं । गुरुवार को भोजनावकाश में सभी कर्मी मेनगेट में एकत्रित होकर जोरदार नारेबाजी की गई । कर्मियों को संबोधित करते हुए आरएस भट्ट ने कहा कि पहली बार बीएसएनएल स्थापना दिवस के अवसर पर सरकारी आयोजन का बायकाट किया है । पूरे देश में सरकारी कार्यक्रम का बहिष्कार अधिकारियों ने भी किया है । वेतनमान की मांग पूरा नहीं होने पर और कठोर निर्णय लिया जायेगा। प्रशासन के साथ असहयोग आंदोलन किया जायेगा। भट्ट ने बताया कि 28 सितंबर को बीएसएनएल कर्मियों ने ट्विटर अभियान चलाया जो भारी रूप से सफल रहा है। तीन बजे तक जबरदस्त ट्रेंड कर रहा था। अगले चरण में 14 अक्टूबर को बीएसएनएल के आधिकारिक ग्रुप छोड़ना है । नवंबर माह में तालाबंदी हड़ताल किया जायेगा। अधिकारी नेता विश्वनाथ राव ने कहा कि बैंक कर्मियों ने एकजुट होकर अपनी मांग मनवाने में पूरी तरह सफल हुए हैं। बीएसएनएल कर्मी भी संयुक्त मोर्चा के तहत 3रा वेतनमान हासिल करने में सफल होगा। इस अवसर पर डीके सिंह, हेमराज खैरवार, राजदत्त गजभिये, आरके सिंह, विपिन भारती, संजू नायडू, गोमती राय, अजय दानी, एसएन शर्मा आदि शामिल हुए ।

भिलाई-चरोदा के वार्ड-1 इंदिरा नगर की बदहाल तस्वीर, बारिश में घरों में घुसता है गंदा पानी

नाली बजबजा रही, पानी की पाइपलाइन सूखी, आंगनबाड़ी के सामने कचरे का ढेर

वार्ड परिक्रमा
नगर निगम भिलाई-चरोदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

चुनाव के बाद वार्ड में नहीं दिखीं पार्षद, समस्याओं को लेकर रहवासियों में नाराजगी

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 1 इंदिरा नगर हथखोज में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को लेकर वार्डवासियों में नाराजगी है। हरिभूमि की वार्ड परिक्रमा के दौरान लोगों ने सफाई, नाली, पेयजल और कचरा प्रबंधन से जुड़ी कई समस्याएं सामने रखीं। रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से शिकायतों के बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इंदिरा नगर वार्ड में कई स्थानों पर नालियां अधूरी और जर्जर नजर आ रही हैं। नियमित सफाई नहीं होने के कारण नालियों में गंदगी जमा होने और बदबू की शिकायत रहवासियों ने की। लोगों के मुताबिक बारिश के दौरान समस्या और गंभीर हो जाती है। नालियां जाम होने के कारण बारिश का गंदा पानी कई बार घरों में घुस जाता है। इससे लोगों को जलभराव और गंदगी के बीच रहने की मजबूरी होती है। वार्ड की सबसे गंभीर शिकायतों में से एक आंगनबाड़ी केंद्र के सामने कचरा डंपिंग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार आंगनबाड़ी के ठीक सामने ट्रेंचिंग ग्राउंड की तरह कचरा डाला जा रहा है। कचरे से निकलने वाली बदबू के कारण आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों और वहां काम करने वाले स्टाफ को परेशानी होती है। रहवासियों का कहना है कि बच्चों के आने-जाने वाले स्थान के सामने कचरा जमा होना साफ-सफाई और स्वास्थ्य की दृष्टि से चिंता का विषय है। लोगों ने यहां नियमित कचरा उठाव और डंपिंग बंद कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन से वार्ड में नालियों की नियमित सफाई, अधूरी नालियों का निर्माण, पेयजल पाइपलाइन को दुरुस्त करने, पर्याप्त पानी की सप्लाई और आंगनबाड़ी के सामने कचरा डंपिंग पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में जब पार्षद ठामेश्वरी साहू को फोन किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।



आंगनबाड़ी के सामने डंप किया कचरों का ढेर।

जंग लगी पाइपलाइन में लिकेज से पानी का प्रेशर कम



रहवासियों ने बताया कि पानी सप्लाई करने वाली पाइपलाइन कई जगहों पर जंग लगने से जर्जर हो चुकी है। इसका असर पानी के प्रेशर पर भी पड़ रहा है। कम प्रेशर के कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए लोगों को काफी इंतजार करना पड़ता है। वार्डवासियों ने पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने और पुरानी पाइपलाइन की स्थिति की जांच कराने की मांग की है। कई जगहों पर पानी भरने के लिए गड्ढे को सीमेंटीकरण कर दिया गया है। उस गड्ढे में पानी भरने के बाद लोग उसे एत्रित करते हैं।

लोगों न अपने खर्च पर किए नाली निर्माण



वार्ड में नालियों की समस्या इतनी गंभीर है कि स्थानीय लोगों के अनुसार कई स्थानों पर उन्होंने अपने खर्च से नाली निर्माण कराया है। गीता यादव, लीला देवी राजपूत, रिया सिंह, मीना निषाद ने बताया कि का कहना है कि संबंधित जनप्रतिनिधियों से समस्या दूर करने का आग्रह करने के बाद भी जब काम नहीं हुआ तो उन्हें खुद ही व्यवस्था करने के लिए आगे आना पड़ा। लोगों की मांग है कि निगम द्वारा वार्ड का सर्वे कराकर जर्जर और अधूरी नालियों का निर्माण कराया जाए तथा नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लोगों ने यह भी बताया कि आयुक्त स्वयं निरीक्षण को आते हैं लेकिन जनप्रतिनिधि साफ सफाई को लेकिर चिंतित नहीं है।

10 साल पहले पाइपलाइन बिछी, आज तक नहीं पहुंचा पानी



वार्डवासियों के मुताबिक करीब 10 साल पहले उनके घरों तक पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन आज तक इस पाइपलाइन से नियमित पानी नहीं पहुंचा है। भीम निर्मलिकर, भिखु बंछोर, द्वारिका निषाद, गिरधारी पाल, रमेश वर्मा, अशोक कुमार साहू ने बताया कि वर्तमान में सड़क और नाली के किनारे लगे सार्वजनिक नलों के माध्यम से बोर से पानी की सप्लाई की जाती है। लोगों का कहना है कि पानी की पाइपलाइन कई स्थानों पर नाली के ऊपर से गुजर रही है। ऐसे में नाली के ऊपर पत्थर रखकर उसके ऊपर बर्तन रखकर पानी भरना पड़ता है।

छठ कुंड व सामाजिक भवन की मांग



शिवधाम छठ कुंड के पास निवासी प्रेमशीला चौहान, रेणु मेहता, अनुराधा यादव, बालकृष्ण चौहान ने बताया कि गर्मी में पेयजल की समस्या और बारिश में जलभराव की परेशानी सामने आती है। नालियों की सफाई नहीं होने से पानी की निकासी प्रभावित होती है। कई जगह नालियां अधूरी होने के कारण बारिश का पानी लोगों के घरों की ओर पहुंच जाता है। लोगों ने लंबे समय से अधूरे पड़े शौचालय को सामाजिक भवन में बदलने तथा छठ कुंड के सौंदर्यीकरण की मांग की है।

जनता की समस्याओं का किया जाएगा समाधान

इंदिरा नगर वार्ड 1 हथखोज के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत होने के बाद साफ सफाई सहित जो भी समस्याएं है उसका निराकरण किया जाएगा। स्वस्थ्य जीवन के लिए वार्ड में साफ सफाई रहना बहुत जरूरी है।

-**डीएस राजपूत,** आयुक्त नगर निगम भिलाई-चरोदा

पार्षद के बदले उनके ससुर देखते हैं काम काज



वर्तमान पार्षद ठामेश्वरी साहू को लेकर वार्डवासियों में काफी नाराजगी जाहिर की। चुनाव जीतने के बाद पार्षद ने नियमित रूप से वार्ड का भ्रमण कर समस्याओं की जानकारी नहीं ली। वार्ड से जुड़े कई कामों को पार्षद के ससुर और पूर्व पार्षद बहल राम साहू देखते हैं। उन्हें समस्याओं से अवगत कराने पर उनके द्वारा वार्डवासियों से वाद विवाद किया जाता है।

-**सुरेन्द्र श्रीवास्तव,** विधायक प्रतिनिधि हायर सेकंडरी स्कूल हथखोज

जलकुंभी से अटे रिसाली तालाब की श्रम दान से की सफाई, पहुंचे सैकड़ों



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जल कुंभी से पटे रिसाली के तालाबों की सफाई सर्फेस स्किमर मशीन से की जा रही है। नागरिकों और वार्ड पार्षद के अनुरोध पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ने पहल की। उन्होंने तालाब साफ कराने के लिए दुर्ग निगम से मशीन उपलब्ध कराई है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि तालाब और पोखर को सहेजना अति आवश्यक है। तालाब का सौंदर्यीकरण पहले हो चुका है। वर्तमान में तालाब जलकुंभी से पट चुका है। कुछ दिनों पूर्व पार्षद और नागरिकों ने उन्हें ज्ञापन दिया था। दुर्ग महापौर से चर्चा के बाद उन्होंने यह मशीन रिसाली को कुछ दिनों के लिए उपलब्ध कराया। इसी मशीन से तालाबों की सफाई की जा रही है।

- तालाब साफ कराने विधायक ने की पहल, दुर्ग से मंगाया सर्फेस स्किमर मशीन

यह मशीन जल कुंभी और पानी में तैर रहे जलीय पौध व अन्य कचरे को बाहर करेगा। इस अवसर पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे तालाब को साफ रखने में निगम का सहयोग करे। गंदगी न फैलाए। ललित चन्द्राकर के नेतृत्व में पार्षदों और नागरिकों ने स्वच्छता सेवा के तहत श्रम दान किया। श्रमदान के तहत जनप्रतिनिधि व नागरिकों ने तालाब के आसपास सफाई की। कचरा को एकत्र कर एस एल आर एम सेंटर पहुंचाया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, पार्षद विधि चंद्राकर, विलास बोरकर, सरिता देवगन, धर्मेंद्र भगत, ईश्वरी साहू, गजेंद्री कोठारी, शीला नारखेड़े, माया यादव, हरीश नायक, रमा साहू, विक्की चंद्राकर, सविता ढ़वस, सारिका साहू, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल व अनुपम साहू आदि उपस्थित थे।

जेल में एक साल नौ महीने रहने के बाद साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी

दुर्ग। एनडीपीएस के एक मामले में विशेष न्यायाधीश ने एक साल नौ माह बाद आरोपी पवन कल्याण को दोष मुक्त किया है। मिली जानकारी के मुताबिक 15 दिसंबर 2024 को सेक्टर-6 आयकर भवन के पास से पुलिस ने भिलाई तीन निवासी पवन कल्याण को प्रतिबंधित औषधी अल्प्राजोलम नशे की दवा रखने के आरोप में पकड़ा था। पुलिस ने पवन पर एनडीपीएस की धारा 22(सी) के तहत कार्यवाई कर उसे सेंट्रल जेल दुर्ग भेजा गया। न्यायालय में विचारण के दौरान स्वतन्त्र साक्षी ने अभियोजन की कहानी का समर्थन नहीं किया। तौलकर्ता द्वारा प्रतिबन्धित औषधी का जब घटनास्थल पर हुये वजन और इन्वेन्ट्री दौरान वजन मे काफी अन्तर आया। प्रतिपरीक्षण दौरान काफी विरोधाभास कथन होने से अभियोजन द्वारा आरोप को संदेह से परे साबित करने में असफल रहे। विशेष न्यायालय सुनीता टोप्पो ने आरोपी पवन कल्याण को दोषमुक्त घोषित किया। अभियोजन पवन पर लगे आरोप को साबित नहीं कर पाए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश दाण्डेकर ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि मामले में साक्षियों ने अभियोजन का समर्थन नहीं किया। तौलकर्तमा और मोहर्रिर का साक्ष्य कोर्ट में नहीं कराया गया। विवेचक ने धारा 42 की प्रक्रिया पूरी नहीं की। तलाशी नोटिस और केस डायरी में नोटिस अलग-अलग मिला। दवाओं के मौके पर वजन और मजिस्ट्रेट के सामने किए गए वजन में तौल अलग-अलग मिली। कार्रवाई के 4 दिन बाद सेंपलिंग प्रक्रिया की गई। दवाओं के एक ही प्रकार के होने को लेकर पंचनामा तैयार नहीं किया गया।

शेयर होल्डरों को मिलेगा 5 प्रतिशत लाभांश

दुर्ग। जिला अल्पसंख्यक बचत सहकारी साख समिति मर्यादित पुराना बस स्टैंड दुर्ग की 26वीं वार्षिक आम सभा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य गीत अरपा पैरी से प्रारम्भ होकर प्रबंधक सुरेश कुमार सोनी ने वार्षिक विवरणी का वाचन किया। मंत्री गजेंद्र यादव के संदेश को पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, भाजपा के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, अशोक राठी, कैलाश चंद्र बरमेचा, प्रकाश देशलहरा, मेहंदी समनानी, अनूप गटागट सहित अन्य मौजूद थे। अलका बाघमार ने दो लाख रुपए की राशि संस्था में फर्नीचर इत्यादि के लिए प्रदाय किया गया। इस दौरान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे अभियान के बारे में भी जानकारी दी गई। अध्यक्ष रऊफ कुरैशी ने आर्थिक विषयों की जानकारी दी। उन्होंने अंशधारकों को पांच प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की। इस अवसर पर हनीफ भिड़सरा, नजहत परवीन, मकबूल अली, मंजूर अंसारी, शमसुद्दीन थरानी, इसराइल बेग शाद, रौनक जमाल, अहमद खान सहित अन्य मौजूद थे।

दुर्ग स्टेडियम परिसर के व्यापारियों ने खोला मोर्चा

कहा-विस्थान नहीं होने तक दुकान नहीं करेंगे खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शहर के मध्य स्थित रविशंकर स्टेडियम को क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सौंप की तैयारी है। स्टेडियम में नया निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसे लेकर स्टेडियम परिसर में संचालित करीब 200 दुकानदारों को विस्थापित करने की तैयारी है। उन्हें नोटिस जारी किया गया है। इस मामले को लेकर व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है।

उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें विस्थापन नहीं दिया जाता, वे मौके से नहीं हटेंगे। स्टेडियम परिसर से लगी दुकानों में सैकड़ों व्यापारी अपना व्यवसाय कर अपने परिवार का रोजी-रोटी चलाते हैं। जिनकी ओर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया और उन्हें बेदखल करने का नोटिस स्टेडियम कमेटी द्वारा जारी कर दिया गया है। समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि रविशंकर स्टेडियम निर्माण काल के समय ही परिसर में दुकानों का निर्माण किया गया था और लोगों को किराए पर आवंटित हुआ है। दशकों से यहां मोटर मैकेनिक लाइन बनी हुई है और लोग वहां व्यापार कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नया स्टेडियम बनने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन वर्षों से वहां व्यवसाय कर रहे लोगों के सामने रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी । जिला प्रशासन और स्थानीय मंत्री के पास कई बार गुहार लगाने के बाद कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ और 200 से अधिक लोगों को बेरोजगार बनाने का काम प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार करने जा रही है। उन्होंने मांग की है कि सभी व्यसायियों को उचित स्थान पर व्यवस्थापित किया जाए ताकि उन्हें किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि वहां किराया जमा कर वहां अपना कारोबार कर रहे थे। उन्हें हटाना किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार जहां एक ओर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दावा करती है, वहीं दूसरी और ऐसे निर्णय लेकर लोगों को बेरोजगार भी बना रही है। यह संवैधानिक मामला है सरकार और प्रशासन को इस पर कोई ठोस निर्णय लेना चाहिए ताकि वहां कारोबार कर रहे लोगों को भटकना ना पड़े।

आक्रोशित प्रोफेसर्स ने कहा- सड़क से संसद तक और डीएम से सीएम व पीएम तक जाएंगे

पेंशन-ग्रेच्युटी बहाली के लिए कल्याण कॉलेज के सामने प्रोफेसर्स का प्रदर्शन, सपोर्ट में उतरे एक्स स्टूडेंट्स, सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राज्य शासन द्वारा अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की पेंशन तथा ग्रेच्युटी पर रोक लगाए जाने के फैसले के विरोध में भिलाई स्थित कल्याण कॉलेज के समक्ष सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में दुर्ग-भिलाई के अनुदान प्राप्त कॉलेजों के सेवानिवृत्त और सेवारत प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों ने एकजुट होकर शासन के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया और रोके गए भुगतानों को तुरंत बहाल करने की मांग की। इसमें कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सुराना महाविद्यालय और भिलाई महिला महाविद्यालय के प्राध्यापक और कर्मी शामिल हुए। वक्ताओं ने उच्च शिक्षा विभाग पर मंत्री परिषद के निर्णय की गलत और मनमानी व्याख्या करते हुए पेंशन व ग्रेच्युटी रोकने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि राज्य शासन ने एक सितंबर 2026 से अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन व ग्रेच्युटी का भुगतान रोकने का निर्णय लागू किया है। धरने पर बैठे सेवानिवृत्त व सेवारत शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश और प्रदेश के भावी नागरिकों तथा युवाओं का भविष्य संवारने में समर्पित कर दिया। लेकिन जीवन के इस ढलते पड़ाव में सरकार के इस बेतुके और अमर्यादित निर्णय ने उनके सम्मानजनक ढंग से जीने की उम्मीदों को तार-तार कर दिया है। सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय असुरक्षा के कारण उनके समक्ष जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है।



शिक्षा बिरादरी से पहुंची तमाम हस्तियां

एक दिवसीय सांकेतिक धरना छत्तीसगढ़ राज्य अनुदान प्राप्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी संघ, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की पेंशन व ग्रेच्युटी बहाली संघर्ष समिति तथा सेवानिवृत्त एवं सेवारत प्राध्यापक व कर्मचारी संघ भिलाई-दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। सेवानिवृत्त प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. हरिनारायण दुबे, प्रो. डीपी जायसवाल, प्रो. डीएन शर्मा, प्रो. रमेश उपाध्याय, डॉ. आरपी अग्रवाल, डॉ. संध्या मदन मोहन, प्रो. जीके भावनानी, सेवारत मंच से संघ के अध्यक्ष डॉ.सुधीर शर्मा, डॉ.अनुराग पांडेय एवं प्रो.लखन चौधरी, डॉ.सलीम अकील, प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा, डॉ.मणिमेखला शुक्ल के नेतृत्व में अनेक सहित अन्य वक्ताओं ने सरकार की इस नीति को जनविरोधी और कर्मचारियों के अधिकारों का हनन करार दिया।

एलुमनी के छात्र और वित्तमंत्री से मार्मिक आग्रह

धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने भिलाई के कल्याण कॉलेज के ही पूर्व छात्र और प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी को विशेष रूप से याद किया। सेवानिवृत्त प्राध्यापकों ने भावुक होकर कहा कि वित्त मंत्री ओपी.चौधरी इसी महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर आज राज्य के उच्च पद पर आसीन हैं। ऐसे में अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें गुरु दक्षिणा के रूप में पेंशन और ग्रेच्युटी की बहाली का निर्णय शीघ्र लेना चाहिए। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट राजेश चौहान ने कहा कि गुरुजनों को दुखी करना और संकट में डालना दुखद है। बी.विश्वनाथ ने कहा कि जन प्रतिनिधियों को स्वयं आकर संज्ञान लेना चाहिए। भिलाई में शिक्षा की नींव है कल्याण कालेज और नींव के पत्थर रखने वाले आज सड़क पर उतरने मजबूर हैं। अंजनी कुमार श्रीवास्तव, अल्ताफ अहमद, हरचरण सिंह, प्रभा हुसैन, योगेश गुप्ता, ज्ञानचंद जैन, आचार्य महेश शर्मा, लक्ष्मीपति राजू सहित अनेक पुराने विद्यार्थियों ने सभा को संबोधित किया। सभी ने एक स्वर में शासन से अपील की है कि पेंशन और ग्रेच्युटी बंद करने का आदेश निरस्त करें। कल्याण महाविद्यालय के धारा 28 के शिक्षक संघ की अध्यक्ष डॉ आरती मिश्रा के साथ शिक्षकों ने आकर समर्थन व्यक्त किया।

खबर संक्षेप



प्रांजलि का वेटरनरी कॉलेज अंजोरा में चयन

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 1 निवासी कृषक राधेश्याम सिन्हा एवं जमुना सिन्हा की सुपुत्री प्रांजलि सिन्हा ने अपनी लगन, निरंतर अध्ययन और कठिन परिश्रम के दम पर वेटरनरी कॉलेज अंजोरा में चयन हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उमरपोटी स्कूल में बच्चों को बांटे बैग



जामगांव आर। शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी के 42बच्चों को नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 42बच्चों को स्कूल बैग तथा सभी बच्चों को पेन प्रति छात्र 5 नग का वितरण किया । इस अवसर पर तेश्वरी साहू, कान्हा साहू, बी आर निषाद (प्रधान पाठक) पुनारद साहू,शिक्षक राघवेन्द्र कुमार ध्रुव, अतिथि शिक्षिका टिकेश्वरी आदि उपस्थित थे।

निधन

शैलजा देशपांडे

भिलाई। तालपुरी निवासी शैलजा देशपांडे (81 वर्ष) पति स्व. चंद्रशेखर देशपांडे का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 2अक्टूबर को तालपुरी लिलि 418 से सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे विजय देशपांडे की मां थी।



किशोर कुमार नशीने

भिलाई। छग डड़सेना सिन्हा कलार समाज के अगुवा और पूर्व बीएसपी कर्मी समाजसेवी किशोर कुमार नशीने विवेकानंदनगर कोहका का इलाज के दौरान निधन हो गया। अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में हुआ। अपने पीछे वे 4भाइयों सहित पत्नी 1 पुत्र व 1 बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



आम सूचना

(ग्राम-कुरूद, वार्ड नम्बर-46, रा.नि.मं.-कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती अनुपमा नायक पति श्री कालीचरण नायक, निवासी-क्वार्टर नम्बर-09/बी, सड़क नम्बर-10, सेक्टर-04, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) में निवास करती है। मेरी पक्षकारा के द्वारा विक्रेता राकेश पिता श्री श्यामरतन, निवासी-पुरानी बस्ती, कुरूद, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-कुरूद, वार्ड नम्बर-46, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित खसरा नम्बर-47/23 कुल रकबा 0.3710 हेक्टेयर है जिसमें से 6,400 वर्गफीट है जिसकी चौहदी सीमा उत्तर में अन्य की जमीन 80 फीट, दक्षिण में अन्य की जमीन 80 फीट, पूर्व में 25 फीट का रास्ता 80 फीट, पश्चिम में 25 फीट का रास्ता 80 फीट स्थित है जिसे मेरी पक्षकारा के द्वारा उपरोक्त खसरा नम्बर के भू-खण्ड को दिनाँक 24.09.2026 को विक्रेता से इकरारनामा निष्पादित कर क्रय किया जा रहा है। उक्त भूमि से संबंधित यदि किसी व्यक्ति, बैंक विशेष, किसी वित्तीय संस्था या किसी गैर वित्तीय संस्था, निकाय को कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर दावा/आपत्ति करें। यदि उक्त समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

स्थान-दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक 01.10.2026

भवदीय
यशवंत श्रीवास्तव, अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
BESIDE BAR ROOM NO.-02
RESIDENCE & OFFICE :- "Maa Sharda Maihar"
"Chandni Building"Ward no.- 42
Subhash Nagar, Durg (C.G.) 491001
Mob. No.-93405-16908, 95893-25001

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा०प्र०क्र०/202609104000034/अ-74/वर्ष 2025-26
ग्राम- खेरधा, प.ह.नं.-03

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक शिव प्रसाद पिता कार्तिक, निवासी खेरधा तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि मौजा ग्राम खेरधा प.ह.न. 03 तहसील अहिवारा जिला-दुर्ग (छ.ग.), स्थित भूमि खसरा नं. 637/3 रकबा 0.76 हे. भूमि बिरेन्द्र कुमार पटेल पिता स्व. शिव कुमार वगै. के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसमें खसरा नंबर 637/3 रकबा 0.76 हे. भूमि का नक्शा बटांकन नहीं हुआ है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकन करने हेतु निवेदन कर आवेदन के समर्थन में वर्तमान बी-1 नक्शा, खसरा, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज की सत्यापित छायाप्रति संलग्न कर निवेदन किया गया है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 15.10.2026 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 28.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक- 15.10.2026
जारी दिनांक :- 28.09.2026

मुहर
तहसीलदार
अहिवारा, जिला दुर्ग, (छ.ग.)

सेवा संकल्प अभियान जारी है ग्रामीण अंचल में

‘पोषण माह’ व ‘आंगन मिलन’ के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

प्रधानमंत्री मोदी के सेवा के 25 वर्ष के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वार्ड 15 के आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा' एवं 'पोषण माह' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत धमधा की अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल ने बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास में आंगनबाड़ी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया तथा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाने के लिए प्रेरित किया। परियोजना अधिकारी कोशलेश देवांगन ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, मेहंदी, रंगोली, पौष्टिक थाली व व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयुष विभाग की टीम द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी हुआ। अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, वार्ड पार्षद चंद्रिका प्रसाद ब्रह्मभट्ट, विशिष्ट अतिथि कुमारी बाई टोंड्रे (पार्षद), श्वेता शर्मा, सीमा ताम्रकार, गांधारी कहार, माया सोनी, नीलू कहार, माधुरी राजपूत, प्रतिमा यादव, रश्मि पांडेय, परियोजना अधिकारी कोशलेश देवांगन, पर्यवेक्षक कल्पलता चेलक, आयुष विभाग से डॉ. रूबी वासनिक व डॉ. दिशा एवं अन्य उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी की भूमिकाओं पर भी दी जानकारी



गर्भवती माताओं और बच्चों के सही पोषण का दिया संदेश

पाटन। ग्राम मुड़पार में 'आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय साहू ने गर्भवती माताओं के संतुलित आहार, देखभाल और बच्चों के स्नेहपूर्ण पालन-पोषण पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ शिशु स्पर्धा, पौष्टिक थाली सजावट, रंगोली प्रतियोगिता तथा रेडी-टू-ईट खाद्य पदार्थों से बने स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच भानुमती बालकिशोर, अतिथि दिव्या कलिहारी, रजनी कुर्रे, हरप्रसाद आडिल, परियोजना अधिकारी यमुनेश पाण्डेय एवं क्षेत्र की पर्यवेक्षक संध्या सिंह उपस्थित थीं।



तिरगा में किया आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान



अंडा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडे एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में ग्राम तिरगा में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा महामंत्री भू भारती, जनपद सदस्य दामिनी साहू, उपसरपंच सुखित राम ढीमर, पंच शिव प्रसाद देशमुख व टिकेश्वर देशमुख उपस्थित रहे। दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी उषा झा ने उपस्थित जनसमूह को बाल विवाह के दुष्परिणाम समझाते हुए बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई तथा महतारी वंदन योजना की जानकारी दी। एएनएम दिनेश्वरी देशमुख एवं आरएचओ प्रेमीन देवांगन ने गर्भवती महिलाओं के खान-पान और नियमित जांच पर मार्गदर्शन दिया। आरएचओ प्रेमीन देवांगन द्वारा 48 बच्चों को न्योता भोज कराया गया तथा अतिथियों द्वारा बच्चों को पानी की बोतलें बांटी गईं। आयोजित प्रतियोगिताओं में मटका फोड़ः द्रोपती देशमुख, कुर्सी दौड़ः प्रथम - दामिनी साहू, द्वितीय - रेणु देशमुख, मेहंदी प्रतियोगिताः प्रथम - भारती बोमले, द्वितीय - कामेश्वरी देशमुख ने बाजी मारी। कार्यक्रम में तिरगा, झोला व भोथली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं (टूमेश्वरी बेलचंदन, नेहा तिवारी, नेहा

अंचल की खबरें

खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम



अंडा। ग्राम कोलिहापुरी में कोसरिया यादव समाज (कोड़ियां सर्किल) द्वारा सर्किल स्तरीय तीज मिलन समारोह हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, विधायक व कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, छाया विधायक कामेश साहू, महिला खंड अध्यक्ष सुमन साहू और नरेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में जिलाध्यक्ष बोधन यादव, सचिव शंकर यादव, युवा अध्यक्ष प्रीतम यादव, उपाध्यक्ष हरीश यादव, महिला अध्यक्ष अर्चना यादव, उपसरपंच भूपेंद्र यादव, सेवक राम यादव, सर्किल अध्यक्ष बरातु राम यादव, युवा अध्यक्ष कोमल यादव और महिला अध्यक्ष ओमबाई यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान महिलाओं के लिए पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में देमन लाल यादव, भोजराम यादव, रामेश्वर यादव, मंतराम यादव, चुम्मन यादव, मिलन यादव, जयदेव यादव, नारायण यादव, नरेंद्र यादव, डोमेंद्र यादव, भीम यादव, मणी यादव, दौलत यादव, नरसिंग यादव, कुलंजन यादव, अरुण यादव, कमलेश यादव, टिकेश्वर यादव, भावेश यादव आदि का योगदान रहा।

साहू संघ ने भवन निर्माण के लिए मांगी राशि



उतई। परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के एक प्रतिनिधिमंडल ने परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी के नेतृत्व में भिलाई-3 स्थित निवास पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान सामाजिक गतिविधियों, संगठन की मजबूती और समाजहित के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने अरसनारा परिक्षेत्र में सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु एक परिक्षेत्रीय भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज की इस जायज मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए इसे शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। सौजन्य भेंट के दौरान परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी, उपाध्यक्ष संतोष साहू, संगठन सचिव अर्जुन साहू, सचिव गोपेश साहू, तहसील प्रतिनिधि सालिक साहू, प्रचार सचिव रवि साहू, महिला उपाध्यक्ष ललिता साहू, संगठन सचिव दामिनी साहू एवं सहसचिव सरिता साहू विशेष रूप से मौजूद रहे।

मातृ स्वास्थ्य व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



बोरी। ग्राम पथरिया के पंचायत भवन में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को समुदाय से जोड़ने के साथ बच्चों के संतुलित आहार, पोषण, स्वास्थ्य और गर्भवती महिलाओं की देखभाल को लेकर जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल, महामंत्री नीलांबर साहू, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद पटेल, मंडल उपाध्यक्ष श्यामू पारकर, सरपंच मितकुमार पारकर, जनपद सदस्य तिथेश्वरी वर्मा और पूर्व सरपंच रामचंद पारकर सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, माताएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

नंदिनी लाइमस्टोन माइंस में जन-जागरुकता गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नंदिनी लाइमस्टोन माइंस में भारतीय खान ब्यूरो के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मुख्य महाप्रबंधक (फ्लक्स) चिंताला श्रीकांत के नेतृत्व में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान के तहत परिसर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता शपथ, विशेष सफाई, श्रमदान और वृक्षारोपण किया जा रहा है। स्कूली बच्चों के लिए पोस्टर, निबंध तथा 'वेस्ट टू वेल्थ' (अपशिष्ट से धन) प्रतियोगिताओं के माध्यम से कचरा पृथक्करण, पुनर्चक्रण और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। अभियान को सफल बनाने में महाप्रबंधक सुधाकर जामुलकर, उप महाप्रबंधक ओमेन टेटे, खान प्रबंधक संतोष खांडे, उप महाप्रबंधक अजय चतुर्वेदी एवं सहायक महाप्रबंधक अलंकार भीवगड़े सहित माइंस की पूरी टीम सक्रिय योगदान दे रही है।

महिला सशक्तीकरण और बाल पोषण पर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



ग्राम पंचायत बटंग के चारों आंगनबाड़ी केंद्रों के संयुक्त तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में धनकुमारी बर्मन व हेमा साहू उपस्थित रहीं। अपने उद्बोधन में श्रीमती कीर्ति नायक ने कहा कि स्वस्थ बचपन और जागरूक महिलाएं ही एक समृद्ध समाज का निर्माण करती हैं।

कुपोषण को दूर करने के लिए केवल सरकारी योजनाएं ही काफी नहीं हैं, बल्कि माताओं और परिवारों का जागरूक होना भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक गोद भराई की रस्म निभाई गई और कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित की गई। महिलाओं द्वारा निर्मित पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी और खेलकूद प्रतियोगिताओं ने समां बांध दिया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी यमलेश पांडे, सुपरवाइजर माधुरी वर्मा, सरपंच गैंदु राम वर्मा, उपसरपंच महेश्वरी वर्मा, दीपा वर्मा, नंदिनी वर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, मितानिनें व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रामचरितमानस जीवन को धन्य बनाने वाला महासागर : पांडेय



उतई। धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति दुर्ग ग्रामीण द्वारा ग्राम बोरीगारका में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य पं. युवराज पांडेय महाराज ने भक्ति और श्रीरामचरितमानस के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। आचार्य जी ने बताया कि गीता में चार प्रकार के भक्तों (आर्त, जिज्ञासु, अर्थार्थी और ज्ञानी) में ज्ञानी भक्त को श्रेष्ठ माना गया है। उन्होंने कहा कि परमात्मा निर्गुण और सगुण दोनों रूपों में समान हैं—जिस प्रकार जल का आकार नहीं होता, किंतु ठंडक में जमकर ठोस आकार ले लेता है, वैसे ही ईश्वर भक्तों के प्रेमवश साकार प्रकट होते हैं। कथा के दौरान राम जन्मोत्सव के सोहर गीतों और माता सीता के स्वयंवर प्रसंग पर श्रद्धालु झूम उठे। कार्यक्रम का संचालन दीपक कौशिक ने किया।

इस दौरान पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू, महापौर शशि सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, कैलाश नहाटा, ओनी महिलांग, जगदीश साहू, भीषम हिरवानी आदि उपस्थित थे।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध



दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

अब अतुल ऑटो में विजेता को प्रथम पुरस्कार टू व्हीलर



भिलाई। शहर के व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अब भिलाई में भी अतुल ऑटो के आधुनिक और दमदार कमर्शियल वाहन उपलब्ध हो गए हैं। सुपेला रोड स्थित गीता मोटर्स को अतुल ऑटो का अधिकृत विक्रेता बनाया गया है, जहां डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक मॉडल्स की विस्तृत रेंज ग्राहकों के लिए पेश की जा रही है। गीता मोटर्स द्वारा लॉन्च किए गए इन वाहनों में इलेक्ट्रिक और पारंपरिक दोनों प्रकार के मॉडल शामिल हैं, जो व्यापार को नई ऊंचाइयां देने में सक्षम बताए जा रहे हैं। कंपनी ने बढ़ती ईंधन कीमतों और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों पर विशेष फोकस किया है। कंपनी के अनुसार यह वाहन लगभग 207 किलोमीटर तक का इंटरसिटी माइलेज देने में सक्षम है। साथ ही इसकी बैटरी केवल 6 घंटे में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है। अतुल ऑटो में हर ऑटो की खरीदी पर एलईडी टीवी उपहार स्वरूप दिया जाएगा। वाहन में ड्राइवर और यात्रियों के लिए अधिक स्पेस दिया गया है, जिससे सफर आरामदायक बनता है। गीता मोटर्स में कार्गो और सवारी दोनों प्रकार की गाड़ियां उपलब्ध हैं। इनमें अतुल जेमी, अतुल शक्ति डीजल कार्गो, अतुल रिक प्लस, अतुल स्मार्ट कार्गो सीएनजी और अतुल जेम जैसे मॉडल शामिल हैं। कंपनी ने अपने वाहनों में 435 सीसी एयर कूल इंजन का विकल्प भी उपलब्ध कराया है। साथ ही पुली वाले साधारण इंजन में भी वाहन उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है। व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि अतुल के इन वाहनों की उपलब्धता से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में छोटे और मध्यम व्यापारियों को काफी फायदा मिलेगा। इच्छुक ग्राहक गीता मोटर्स, लक्ष्मी मार्केट के सामने, सुपेला रोड, भिलाई में संपर्क कर सकते हैं।

वीरेंद्र 'एजुकेशन स्कल्पटर अवार्ड' से सम्मानित



पाटन। शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी (विकासखंड पाटन) के प्रधानपाठक वीरेंद्र कुमार साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवाचारों, सामुदायिक सहभागिता और बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों के लिए 'एजुकेशन स्कल्पटर अवार्ड' से अलंकृत किया गया है। एम.डी. सोसायटी (सरायपाली) द्वारा कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम, कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, डॉ. अनिल प्रधान तथा मनोज प्रधान के करकमलों से उन्हें यह सम्मान मिला। इस दौरान शिक्षकों के प्रयासों पर आधारित दो पुस्तकों—'शिक्षा सारांश' एवं स्मारिका 'शिक्षा शिल्पी' का विमोचन भी किया गया। प्रधानपाठक साहू ने अपने 'प्रवाह ज्ञान संगम' मॉडल के जरिए विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञों को स्कूल से जोड़कर बच्चों को बहुआयामी शिक्षा प्रदान की है।





इस साल सेल कर्मचारियों को मिलेगा 32 हजार बोनस, ट्रेनीज को 26,500

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारी गहमागहमी के बीच दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में हुआ तय, सीटू ने की अधिक बोनस की मांग, नहीं किए साइन

इस साल भी भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल कर्मचारियों को अपेक्षा से कम सालाना बोनस राशि पर संतोष करना पड़ेगा। आज सेल प्रबंधन और एनजेसीएस यूनियनों (नेशनल ज्वाइंट कमेटी फार इंडस्ट्री) की दिल्ली में हुई बहुप्रतीक्षित बैठक में सेल कर्मियों को 32 हजार रुपए एक्सग्रेसिया राशि देने का निर्णय लिया गया। सीटू यूनियन ने राशि को कम बताते हुए समझौता में इस बार भी हस्ताक्षर नहीं किए। अन्य यूनियनों मिश्रित प्रतिक्रिया में तय राशि को संतोषजनक बताते हुए कहा कि प्रबंधन से अगले वर्ष प्राफिट के अनुरुप सम्मानजनक बोनस दिए जाने की अपेक्षा की गई है। सेल कर्मचारियों को बोनस तय करने के लिए गुरुवार को दिल्ली में भारी गहमागहमी के बीच सेल प्रबंधन और एनजेसीएस यूनियनों इंटक, सीटू, बीएमएस, एचएमस और एटक के प्रतिनिधियों की अहम बैठक हुई। डायरेक्टर पर्सनल केके सिंह ने बोनस फार्मूला के अनुसार 30109 बोनस राशि दिए जाने का प्रस्ताव रखा। इसे ठुकराते हुए पांचों यूनियनों के प्रतिनिधियों ने एकजुटता दिखाते हुए नुकसानदेह फार्मूला बदलने पर जोर देकर इससे अधिक बोनस दिए जाने की मांग की। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन ने कंपनी की माली हालत का रोना रोते हुए व पूर्व में तय बोनर्स का हवाला देते हुए यूनियनों की मांग को खारिज कर दिया। यूनियनों के मुताबिक सीटू व इंटक प्रतिनिधियों ने सेल 588 करोड़ का प्राफिट होने और इसमें कर्मियों के योगदान के अनुरुप 40 हजार से अधिक बोनस तय करने पर बल दिया। इस पर प्रबंधन नियमों की बात कहते हुए 30 हजार राशि पर ही अड़ा रहा। लेकिन सभी यूनियनों के सहमत नहीं होने पर डायरेक्टर बीच बैठक से सेलचेयरमेन से विचार विमर्श करने की बात कह बाहर चले गए। चाय के बाद जब घंटेभर बाद फिर बैठक शुरु हुई तो डायरेक्टर श्री सिंह ने इस बार 32 हजार रुपए बोनस पर मान जाने का आफर देते हुए इससे आगे नहीं बढ़ पाने की बात की। यूनियनों ने कर्मियों के मनोबल का हवाला देते हुए इस राशि से आगे बढ़ने पर एकजुटता से जोर दिया। प्रबंधन ने सेल कर्मचारियों को 32 हजार ही बोनस व ट्रेनीज को 26,500 रुपए देने का निर्णय सुनाते हुए हाथ खड़े कर दिए। आखिरकार इतनी ही बोनस राशि पर चारों एनजेसीएस यूनियन सदस्यों ने सहमति जताते हुए एग्रीमेंट में दस्तखत कर दिए। सीटू के ललित मोहन ने प्रबंधन द्वारा तय बोनस राशि यानी 32 हजार रुपए को कर्मियों की अपेक्षा से कम बताते हुए समझौता पर साइन नहीं किया। बैठक में सेल प्रबंधन से डायरेक्टर पर्सनल केके सिंह, डायरेक्टर वाणिज्य टीएन नटराजन, सीजीएम पवन कुमार अग्रवाल इंटक से जी संजीव रेड्डी, बीएन चौबे, सीटू से ललित मोहन मिश्रा, डीवीएस रेड्डी, रंजय कुमार,बीएमएस से श्रीनिवास राव, एचएमएस से संजय वढावकर व राजेंद्र सिंह उपस्थित थे।

भुगतना पड़ा फार्मूला का खामियाजा

एनजेसीएस की बैठक में सेलकर्मियों के लिए तय बोनस राशि को पुराने बोनस फार्मूला का दुष्परिणाम बताया जा रहा है। स्थानीय यूनियनों ने इस पर मिश्रित प्रतिक्रिया जाहिर की है। सीटू को छोड़ अन्य चार एनजेसीएस यूनियन के पदाधिकारियों ने बोनस राशि को सम्मानजनक तो नहीं पर पिछले साल से अधिक बताते हुए अगले साल इससे अधिक राशि मिलने की उम्मीद जताई है। सीटू के महासचिव जोगा राव ने कहा कि पुराना बोनस फार्मूला नुकसानदेह है। अन्य 4 यूनियनों के साइन करने पर है वर्कर्स को कम बोनस मिला। सीटू के प्रतिनिधि ललित मोहन ने प्राफिट के अनुरुप 40 हजार से अधिक बोनस की मांग करते हुए साइन नहीं किए। सीटू को छोड़कर एनजेसीएस बैठक में शामिल अन्य चारों यूनियनों के सदस्य वर्तमान में सेल के कर्मचारी नहीं हैं। सीटू के ललित मोहन व डीवीएस रेड्डी ने कर्मियों की भावनाओं को प्रबंधन के सामने रख साइन नहीं किए। इंटक के महासचिव संजय कुमार साहू ने कहा कि कर्मियों को मिलने वाला बोनस 32 हजार बोनस सम्मानजनक है। भविष्य में फार्मूला सुधारकर इससे बेहतर बोनस दिलाने का प्रयास किया जाएगा। भिलाई इस्पात मजदूर संघ बीएमएस के कार्यकारी अध्यक्ष वीबी सिंह ने कहा कि इंटक सहित चारों यूनियन ने बोनस एग्रीमेंट में साइन किए लेकिन सीटू ने दस्तखत न किए। इस यूनियन व हड़ताल में संयू के साथ खड़ा होता है लेकिन एग्रीमेंट में साइन नहीं करता।

खबर संक्षेप

केंद्रीय चुनाव आयोग के दमन के खिलाफ जेपी चौक में प्रदर्शन आज

भिलाई । आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति द्वारा 2 शुक्रवार को सुबह 10 से दोपहर 1 तक जेपी चौक मे सामूहिक धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है. यह आंदोलन केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर लाखों मतदाताओं को अवैध घोषित करने की मनमानी और लोकतांत्रिक कार्यों के विरोध में किया जा रहा है समिति के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाने अथवा महाभियोग चलाने की मांग की जाएगी।

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह आज से

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत संचालित उद्यानिकी अनुभाग द्वारा अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता मेंबीएसपी और नॉन-बीएसपी स्कूली बच्चे भाग लेंगे। उद्यान विभाग के उप महाप्रबंधक विक्रांत शरण ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मैत्री बाग के मोमबत्ती गार्डन में 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता होगी। बच्चों को ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि अन्य सामग्री बच्चों को स्वयं लानी होगी। बीएसपी एवं नॉन-बीएसपी विद्यालयों के बच्चों के लिए प्रतियोगिता अलग-अलग आयोजित की जाएगी तथा दोनों वर्गों के लिए पृथक प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

इसके अलावा वन्य प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन उद्यानिकी एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 7 व 8 अक्टूबर को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 में किया जाएगा। प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के बच्चों के लिए 7 अक्टूबर तथा हायर सेकेंडरी वर्ग के बच्चों के लिए 8 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। बच्चों को आयोजन से पूर्व सुबह अपना पंजीयन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 में कराना होगा। प्रवेश निःशुल्क होगा तथा हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में भाषण प्रस्तुत या जा सकेगा। बीएसपी एवं नॉन-बीएसपी दोनों श्रेणियों की प्रतियोगिता अलग-अलग होगी तथा पुरस्कार भी अलग-अलग प्रदान किए जाएंगे।

जांच में दोषी पाए गए अधिकारियों एवं संबंधित कार्य एजेंसियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग

पेवर ब्लॉक घोटाले को लेकर भाजपा ने खोला मोर्चा निगम आयुक्त से कहा सभी पर दर्ज हो एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर निगम के विभिन्न वार्डों में कराए गए पेवर ब्लॉक कार्यों में सामने आई आर्थिक अनियमितताओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई एवं विपक्षी पार्षद दल ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने निगम प्रशासन से दोषी पाए गए अधिकारियों तथा संबंधित कार्य एजेंसियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

भाजपा एवं विपक्षी पार्षदों ने कहा कि स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों तथा जिला प्रशासन के आदेश पर गठित जांच एजेंसी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में पेवर ब्लॉक कार्यों में आर्थिक अनियमितताओं एवं अधिकारियों की जवाबदेही सामने आने की बात कही गई है। ऐसे में केवल विभागीय कार्रवाई तक सीमित रहने के बजाय, यदि जांच प्रतिवेदन में आपराधिक कृत्य अथवा शासकीय राशि के दुरुपयोग से संबंधित प्रथमदृष्टया तथ्य पाए गए हैं, तो दोषी अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित निर्माण/कार्य एजेंसियों की भूमिका की भी जांच कर एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। भाजपा जिला भिलाई एवं विपक्षी पार्षद दल ने स्पष्ट कहा कि जनता के पैसों की एक-एक पाई का हिसाब देना होगा। यदि पेवर ब्लॉक कार्यों में तकनीकी स्वीकृति, माप, भुगतान, गुणवत्ता, कार्य निष्पादन अथवा अन्य किसी स्तर पर अनियमितता हुई है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

निगम आयुक्त कार्यालय पहुंचे भाजपा नेता



निगम प्रशासन के सामने रखी प्रमुख मांगे

- जांच प्रतिवेदन में दोषी अथवा जवाबदेह पाए गए अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर हो।
- संबंधित कार्य एजेंसियों/ठेकेदारों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ भी FIR की जाए।
- पेवर ब्लॉक कार्यों से संबंधित सभी फाइलों, माप पुस्तिकाओं, भुगतान अभिलेखों एवं कार्यादेशों की जांच की जाए।
- जिन कार्यों की फाइलें उपलब्ध नहीं हैं अथवा जिनका रिकॉर्ड संदिग्ध है, उनका तत्काल पता लगाकर रिकॉर्ड सुरक्षित किया जाए।
- जांच केवल अधिकारियों तक सीमित न रहकर कार्य स्वीकृति से लेकर भुगतान तक जिम्मेदार प्रत्येक स्तर की भूमिका तय की जाए।
- शासकीय राशि की क्षति प्रमाणित होने पर संबंधितों से नियमानुसार वसूली की जाए।
- पूरी कार्रवाई की समयबद्ध रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि भिलाई की जनता को वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके।

एफआईआर नहीं होती तो जाएंगे न्यायालय

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इस मामले को लेकर चेतावनी दी है कि यदि शहर सरकार जिम्मेदार अधिकारियों पर दो से तीन दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज नहीं करवाती, तो वो मामले को न्यायालय में जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल छोटे कर्मचारियों की लापरवाही नहीं है। भुगतान की फाइलें सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता और अधीक्षण अभियंता के हस्ताक्षरों से होकर गुजरी थी। ऐसे में सरकारी धन के दुरुपयोग के लिए पूरी तकनीकी चेन जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की है कि 8 सब इंजीनियर्स के साथ-साथ फाइलों को अग्रसारित करने वाले सभी वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए और उन पर आपराधिक मामला दर्ज हो।

8 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो होगा निगम का घेराव

भाजपा जिला भिलाई एवं विपक्षी पार्षद दल ने निगम प्रशासन को चेतावनी दी है कि 8 दिन के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई एवं विपक्षी पार्षद दल द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई मुख्यालय का घेराव कर जनहित में आंदोलन करेगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

महापौर ने पेवर ब्लॉक में गड़बड़ी पर कहा बीजेपी नेता पहले अपना गिरेबान झांके



भिलाई नगर निगम के मेयर नीरज पाल ने पेवर ब्लॉक मामले में जवाब देते हुए बीजेपी पार्षदों और नेताओं पर आक्रामक पलटवार किया है। महापौर ने कहा कि पेवर ब्लॉक के जिन 32 प्रकरणों की बात की जा रही है, वो सभी कार्य 1 करोड़ रुपए से नीचे के हैं। नियम सब जानते हैं 1 करोड़ से ऊपर के प्रस्ताव महापौर परिषद एमआईसी में लाए जाते हैं। उससे नीचे के कार्यों का प्रस्ताव बनाना, प्रशासनिक स्वीकृति देना, वित्तीय स्वीकृति देना और बिल पास करना ये पूरा अधिकार आयुक्त का होता है। इसलिए साफ है कि तात्कालिक आयुक्त ने ही अभियंता, उप अभियंता और सहायक अभियंता से परियोजना शाखा के माध्यम से प्रस्ताव बनवाया, स्थल चयन किया, स्थल प्रतिवेदन बनाया, काम कराया और भुगतान देकर बिल भी पास किया। इसमें एमआईसी का कोई लेना-देना ही नहीं है। जब सामान्य सभा में पार्षद संतोष मौर्य ने कई बार यह मुद्दा उठाया, तब यही बीजेपी पार्षद उनका साथ नहीं दे रहे थे। तब मैंने ही सदन के माध्यम से कलेक्टर से जांच की मांग की थी। अब सवाल ये है कि जिन बीजेपी नेताओं को कलेक्टर की कार्रवाई पर भरोसा नहीं है, तो प्रदेश में उनकी ही सरकार है। जाएं नगरीय निकाय मंत्री से मिलें, सीएम से मिलें, ईओडब्ल्यू से जांच करा लें, सीबीआई से जांच करा लें, जिस एजेंसी से चाहें जांच करा लें। हम तो पहले दिन से जांच की मांग कर रहे हैं। जब ये भिलाई में सीबीआई बुलाने की बात करते हैं तो इसकी भी जांच करा लें।

संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध दर्ज हो एफआईआर

दोषियों पर विधिसम्मत एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो। संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। ऐसा न होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई निगम मुख्यालय में उग्र आंदोलन एवं प्रदर्शन करेगी।

-रामजी भारती, जिला प्रभारी भाजपा भिलाई

होगा उग्र आंदोलन

मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा है। संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। आर्थिक अनियमितता में संलिप्त सभी व्यक्तियों पर विधिसम्मत कार्रवाई हो। एफआईआर दर्ज नहीं होने पर उग्र आंदोलन का मार्ग अपनाया जाएगा।

पुरुषोत्तम देवांगन, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी

जनरल स्टोर में चोरी, शटर तोड़कर 70 हजार पार

भिलाई। बीती रात सेक्टर 6 ई मार्केट स्थित सिराज किराना जनरल स्टोर में अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर नकदी पार कर दिए। दुकान के संचालक सिराज ने इसकी शिकायत कोतवाली थाना सेक्टर 6 में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार चोर बुधवार की देर रात दुकान के शटर के बीच का हिस्सा तोड़कर अंदर घुसे। काउंटर के डब्बे में रखे करीब 70 हजार रुपए चोरी कर लिए। इसके पूर्व बाजू के दुकान के खंभे में लगे सीसी कैमरे को पीछे घुमा दिया, ताकि सुराग न मिले। मार्केट के व्यवसायियों ने बताया कि पूर्व में यहां ज्वेलरी शांप में भी चोरी हो चुकी है। चोरी की घटना से व्यवसायियो में चिंता है।

शंकराचार्य अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी

भिलाई। स्मतिनगर चौकी अंतर्गत जुनवानी स्थित श्री शंकराचार्य अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। अस्पताल में बेटे के इलाज के लिए आए एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल करीब पांच दिन बाद पार्किंग से गायब मिली। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बालोद जिले के निवासी नेमूराम साहू मरोदा भिलाई में किराये के मकान में रहते हैं। उनके बेटे रियांश साहू की तबीयत खराब होने पर वह उसे इलाज के लिए 21 सितंबर की शाम करीब 5.30 बजे श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी लेकर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपने भाई रमेश कुमार साहू के नाम से पंजीकृत बाइक सीजी 07 एके 3255 को अस्पताल की पार्किंग में खड़ा किया था। 26 सितंबर की शाम करीब 6 बजे बेटे को अस्पताल से डिस्चार्ज कराने के बाद जब वह पार्किंग में पहुंचे तो उनकी मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तीन दिनों से लापता का शव मिला पुल के नीचे, क्षेत्र में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओखरा/मुरमुंदा

अहिवारा क्षेत्र के नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम ओखरा में पिछले तीन दिनों से लापता व्यक्ति का सड़ा-गला शव शासकीय स्कूल के पास बने पुल के नीचे पानी में मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान ओखरा निवासी विजय रात्रे के रूप में हुई, जो 28 सितंबर से लापता थे। 30 सितंबर को उनके पुत्र उमेंद्र रात्रे ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। बुधवार शाम पुल के नीचे से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने टॉर्च जलाकर देखा तो पानी में सिर तैरता मिला। सूचना पर पहुंची नंदिनी पुलिस ने शव बाहर निकलवाया, जिसे परिजनों ने पहचाना। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।



- पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाने वाली टीम पर वसूली के आरोप से ग्रामीणों में फूटा आक्रोश

शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने पहुंची टीम पर ग्रामीणों ने 8 से 10 हजार रुपये की मांग करने का गंभीर आरोप लगाया। पुलिस की मौजूदगी में रुपये मांगे जाने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया, जिसे बाद में सरपंच ने समझा-बुझाकर शांत कराया।

नंदिनी थाना प्रभारी अनिल पटेल ने बताया कि मौत का वास्तविक कारण 3-4 दिनों में आने वाली पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। शव ले जाने वाली टीम द्वारा पैसे मांगने के आरोप पर उन्होंने अनभिज्ञता जताई है।

स्टेशन चौक में फर्सा लहराकर लोगों को डराने वाला युवक पकड़ा गया



भिलाई। स्टेशन चौक कुम्हारी में धारदार हथियार लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने के आरोप में कुम्हारी पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक धारदार फर्सा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि स्टेशन चौक के पास एक व्यक्ति धारदार हथियार लेकर उसे लहराते हुए लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही थाना कुम्हारी की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ और मौके की कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार बरामद हुआ। मामले में थाना कुम्हारी में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी रिजावन अहमद, निवासी डीएमसी तालाब पार, कुम्हारी, जिला दुर्ग को विधिवत गिरफ्तार कर भिलाई-03 न्यायालय में न्यायिक रिमांड के लिए पेश किया।

उतई आंदोलन के मामले में कांग्रेस के 9 नेताओं को न्यायालय से मिली जमानत

दुर्ग। उतई थाना क्षेत्र में 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म एवं हत्या के प्रयास की घटना तथा क्षेत्र में कथित रूप से संचालित अवैध शराब कारोबार के विरोध में कांग्रेस द्वारा किए गए आंदोलन के मामले में गुरुवार को पुलिस ने दुर्ग न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित 9 कांग्रेस नेताओं ने न्यायालय में उपस्थित होकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की। प्रकरण की सुनवाई न्यायाधीश ईशान व्यास की अदालत में हुई। कांग्रेस नेताओं की ओर से कांग्रेस विधि विभाग के अधिवक्ता प्रीतम देशमुख, घनश्याम साहू, सौरभ ताम्रकर, दलेश्वर बंजारे एवं जय डहरिया ने पैरवी करते हुए सभी आरोपियों को नियमित जमानत दिए जाने का निवेदन किया। न्यायालय ने सभी 9 कांग्रेस नेताओं को जमानत का लाभ देते हुए रिहा कर दिया। पूरी न्यायालयीन प्रक्रिया के दौरान दुर्ग न्यायालय परिसर में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने न्यायालय पहुंचकर राकेश ठाकुर सहित सभी 9 नेताओं के प्रति एकजुटता व्यक्त की। न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने न्यायालयीन प्रक्रिया पर विश्वास जताया। मामला अप्रैल 2026 में उतई क्षेत्र में 5 वर्षीय बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म एवं हत्या के प्रयास की संवेदनशील घटना के विरोध से जुड़ा है। घटना के बाद जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिनी माता चौक, उतई में विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले में पुलिस ने जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, उतई नगर अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा, नगर पंचायत उतई नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, गुलशन शर्मा, जिला सचिव लोचन यादव, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र बंजारे, सत्यप्रकाश कौशिक एवं दिवाकर गायकवाड़ को आरोपी बनाया है।



स्वीकृत हुई निकासी नाली

मंत्री गजेंद्र ने राहत शिविर में प्रभावितों से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में विगत 26 सितंबर को अतिवृष्टि एवं जलभराव से उत्पन्न परिस्थितियों का जायजा लेने हेतु कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ग्राम भरदा स्थित राहत शिविर पहुंचे। उन्होंने शिविर में ठहरे प्रभावित परिवारों से प्रत्यक्ष संवाद कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान सरपंच सुनीता भारदीय एवं ग्रामीण-किसानों द्वारा क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए पक्की निकासी नाली निर्माण की मांग रखी गई।

जनसमस्या की संवेदनशीलता को देखते हुए कैबिनेट मंत्री श्री यादव ने मौके पर ही नाली निर्माण हेतु त्वरित आवश्यक निर्देश जारी किए। मंत्री के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 28 सितंबर को 12.87 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। नाली निर्माण कार्य में 2.56 लाख मजदूरी मद एवं 10.31 लाख सामग्री मद हेतु आवंटित किए गए हैं। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि वीबी-जी रामजी योजना के अंतर्गत विकास कार्यों को ग्रामीणों की स्थानीय मूलभूत आवश्यकताओं से जोड़कर निष्पादित किया जा रहा है।



मेडिकल स्टोर्स पर खाद्य और औषधि प्रशासन की कार्रवाई

दुर्ग। खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग ने 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को कई मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अधिकांश फर्म नियमानुसार संचालित मिलीं, जबकि अनवी मेडिकल स्टोर्स, शांति नगर में फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए और औषधियों के विक्रय रिकॉर्ड का उचित संधारण नहीं मिला।

विभाग के अनुसार 30 सितंबर को शिवबाबा मेडिकल स्टोर्स, शंकर नगर, सांई सर्जिकल, ओम परिसर और विजय मेडिकल एंड स्कीन केयर, स्टेशन रोड का निरीक्षण किया गया। तीनों फर्म नियमानुसार संचालित पाई गईं। वहीं 1 अक्टूबर को भारती मेडिकल, स्मृति नगर, देवांशी मेडिकल, सिकोला, अनवी मेडिकल, शांति नगर, आयुष मेडिकल, अंजोरा और धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स, अंजोरा का निरीक्षण किया गया। इनमें अनवी मेडिकल स्टोर्स में फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति और विक्रय रिकॉर्ड का संधारण नहीं होने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के तहत कार्रवाई की जाएगी। श्री वेदिका मेडिकल स्टोर्स, कुम्हारी का 29 सितंबर को निरीक्षण किया गया था। वहां



- अनवी मेडिकल स्टोर्स में फार्मासिस्ट नहीं मिले, बिक्री रिकॉर्ड भी नहीं मिला

शेड्यूल एच-1 औषधियों के विक्रय रिकॉर्ड का नियमानुसार संधारण नहीं मिलने पर कारण बताओ सूचना पत्र प्रस्तावित किया गया है। हरसिद्धि मेडिकोज, दुर्ग के 23 सितंबर को हुए निरीक्षण में कुछ नार्कोटिक औषधियों के विक्रय रिकॉर्ड का उचित संधारण नहीं पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र प्रस्तावित किया है। सहायक औषधि नियंत्रक संजय सिंह झडेकार ने 1 अक्टूबर को अपोलो कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अंजोरा में एंटीमाइक्रोबियल रजिस्टेंस और शासन द्वारा संचालित नशा उन्मूलन अभियान को लेकर विद्यार्थियों को जानकारी दी।



हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



नृत्य, संगीत, फैशन, स्टैंड-अप ...

लाइव इवेंट

शासकीय सेवा अनुभव का विश्वविद्यालय को मिलेगा लाभ



दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, साइंस कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राकेश रंजन सिंह, डॉ. एस.डी. देशमुख, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. नीलू श्रीवास्तव, स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. दिनेश नामदेव, सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार, हिमांशु शेखर मंडावी, सहायक संचालक उच्च शिक्षा डॉ. सुमीत अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय के कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने डॉ. पाण्डेय का स्वागत करते हुए कहा कि उनके करीब 33 वर्षों के शासकीय सेवा अनुभव का लाभ विश्वविद्यालय को मिलेगा। साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने उन्हें समर्पित शिक्षक बताते हुए कहा कि उनके विश्वविद्यालय से जुड़ने से संस्थान के कामकाज को नई गति मिलेगी। डॉ. अनिल पाण्डेय इतिहास विषय के प्राध्यापक के रूप में साइंस कॉलेज, दुर्ग और शासकीय डी.बी. गर्ल्स कॉलेज, रायपुर में सेवाएं दे चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में पांच से अधिक शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि मिल चुकी है। उनके 50 से अधिक शोध पत्र उच्च स्तरीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

लाइव इवेंट

आत्मविश्वास और मेहनत को बनाएं अपना दोस्त, निरंतर प्रयास करते रहे



भिलाई। एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-6 में 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक्सटेम्पोर मोटिवेशनल टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 1989 बैच के पूर्व छात्र एवं इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद में वित्त के प्रोफेसर डॉ. कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यम ने विद्यार्थियों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच को जीवन का हिस्सा बनाने की सीख दी। उन्होंने अपने स्कूल जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह विद्यार्थी जीवन में ही आईआईटी में पढ़ने का लक्ष्य बनाया और निरंतर प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए तुरंत परिणाम की अपेक्षा करने के बजाय धैर्य के साथ लगातार मेहनत करते रहना जरूरी है। डॉ. सुब्रमण्यम ने विद्यार्थियों को असफलताओं से निराश न होने और हर परिस्थिति में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के साथ उनका संवाद सहज और मित्रवत रहा। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से हुई। सचिव मैरी साजन ने स्वागत भाषण दिया।

लाइव इवेंट

बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, उनका सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी, किया संवाद



दुर्ग। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की ओर से पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान किया गया। बुजुर्गों को तिलक लगाकर फल और श्रीफल भेंट किए गए। कार्यकर्ताओं ने उनसे आत्मीय संवाद कर उनकी सुविधाओं की जानकारी ली और आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन ने कहा कि बुजुर्ग परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और संस्कार नई पीढ़ी को दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि समाज की जिम्मेदारी है। जिला संयोजक दिनेश मिश्रा ने कहा कि बुजुर्गों का स्नेह और आशीर्वाद समाज के लिए बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बुजुर्गों की सेवा और सम्मान का संकल्प लिया।

● आजादी के महानायक महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती में विशेष...

दुर्ग के पांच कंडिल में आए थे गांधी, इसके बाद चौक का नाम उनके नाम पर पड़ गया, बीएसपी के विस्तार में पहुंचे थे लाल बहादुर शास्त्री

बिना खडग और ढाल के दो सौ साल की गुलामी की जंजीरों से भारत को आजाद कराने में बलिदानी योगदान देने वाले साबरमती के संत महात्मा गांधी और स्वतंत्रता बाद भारत के नवनिर्माण में अहम किरदार निभाने वाले ईमानदारी व सादगी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के अमूल्य अवदान को देश कभी नही विस्मृत कर सकता । इन दोनों महापुरुषों की जयंती पर कल दो अक्टूबर को पूरा देश भावभीना स्मरण करते हुए गौरवान्वित होगा। यह एक सुखद संयोग है कि बापू और शास्त्रीजी दोनों ही जन नायकों का गहरा रिश्ता ट्विनसिटी से रहा है। महात्मा गांधी स्वतंत्रता आंदोलन के लिए चेतना जगाने तो दुर्ग तो लाल बहादुर शास्त्री भिलाई इस्पात संयंत्र में प्लेट मिल का विस्तार करने औद्योगिक तीर्थ भिलाई आए थे। दोनों के ऐतिहासिक शहर आगमन की यादें शहर के बुजुर्गों के जेहन में सालों बाद भी तरोताजा हैं।



विमलशंकर झा ▶▶ भिलाई

उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक महात्मा गांधी और आजादी की जंग के स्वतंत्रता सेनानी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री दोनों एक बार नहीं बल्कि दो बार ट्विनसिटी आए थे। बापू 1932 में स्वतंत्रता आंदोलन का अलख जगाने और लाल बहादुर शास्त्री बतौर प्रधानमंत्री 1965 में बीएसपी के विकास के लिए भिलाई आमंत्रित किए गए थे। शहर के बुर्जुगों को व साहित्यकारों के मुताबिक दोनों ही शख्सियतों की यादों की धरोहर शहर आज भी लोगों को प्रेरित करती है। दुर्ग के स्वतंत्रता सेनानी रहे भागबली चंद्राकर के भांजे कपिल चंद्राकर बताते हैं कि गांधीजी स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यहां स्वतंत्रता सेनानियों के आमंत्रण पर 1932 में दुर्ग आए थे। उनकी ऐतिहासिक सभा पांच कंडिल में हुई थी जिसके बाद चौक का नाम गांधी चौक हो गया। यहां लाखों की मौजूदगी में हुई थी। जनसमूह इतना अधिक था कि कई फीट लंबे बांस पर रिवाल्विंग कुर्सी पर बैठकर बापू भाषण दिए थे। उन्होंने लोगों से आजादी के लिए हर तरह का त्याग देने का आह्वान किया था। उन्हें कई महिलाओं ने आजादी के लड़ाई के लिए अपने आभूषण व लोगों ने करीब 40 हजार रुपए नकद व घड़ी भेंट की थी। वे रात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी घनश्याम गुप्ता के घर ठहरे थे। अधिवक्ता रमेश तिवारी बताते हैं कि महात्मा गांधी दुर्ग के स्कूल भी गए थे बच्चों को प्रेरित कर हरिजन मोहल्ला में उनके साथ खाना भी खाए थे। दूसरी बार भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उनकी सभा इंदिरा मार्केट में हुई थी। गांधी चौक में उनकी याद में गांधी प्रतिमा स्थापित की गई है।





लाल बहादुर शास्त्री की विरासत

दुश्मन देश पाकिस्तान को ललकारने और देश में अकाल की काली छाया के मुकाबले के लिए देशवासियों को जय जवान जय किसान का प्रेरक नारा देने वाले दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के ऐतिहासिक भिलाई आगमन की यादें आज भी शहरवासियों व परिजनों को भावविभोर करती हैं। 22 दिसंबर 1965 को शास्त्रीजी यहां भिलाई इस्पात संयंत्र के खास आमंत्रण पर पहुंचे थे। वे यहां अपनी भांजी बीएसपी स्कूल में शिक्षक व कार्मिक जयश्री व राजश्री प्रधान के सेक्टर दस भी भेंट करने पहुंचे थे। रिटायर बीएसपी एजीएम बीके ठाकुर बताते हैं कि शास्त्रीजी ने बीएसपी में प्लेट मिल के विस्तार का उदघाटन किया था। उन्हें 32 बंगला में 23 नंबर बंगेल में ठहराया गया था। बकौल श्रीमती प्रधान इसके पांच माह बाद शास्त्रीजी ट्रेन से कोलकाता जाते हुए दुर्ग व पावरहाउस स्टेशन में भी शहरवासियों के सादगीपसंद स्वागत से विभोर हुए थे। बाद उनकी पत्नी ललिता शास्त्री भी भिलाई आमंत्रित थी और इंदिरा प्लेस में पौधारोपण किया था। उनकी प्रतिमा शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में स्थापित की गई है।



निशुल्क पौधे और सुरक्षा घेरा किया भेंट

भिलाई। पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालू राम वर्मा ने ग्राम पथरिया स्थित पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला में पौधारोपण के लिए निशुल्क पौधे एवं सुरक्षा घेरा उपलब्ध कराया। उन्होंने विद्यालय को 50 फीट जालीदार तार का एक बंडल भी भेंट किया, ताकि पौधों को पशुओं एवं अन्य नुकसान से सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। वर्मा ने कहा कि पौधों को शुरुआती वर्षों में संरक्षण देना बेहद जरूरी है। पौधों की सुरक्षा होने से वे बेहतर ढंग से विकसित होते हैं और विद्यालय परिसर में हरियाली बढ़ती है। उनके साथ आए श्रमिकों ने पौधों के चारों ओर जालीदार सुरक्षा घेरा लगाया। पौधारोपण के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का संदेश भी दिया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक एवं शाला परिवार ने बालू राम वर्मा का सम्मान कर उनके सहयोग और सेवा भावना के प्रति आभार व्यक्त किया।



पी एम श्री शा प्रा शाला पथरिया में वर्मा जी द्वारा निशुल्क पौधे एवं एक बंडल 50फिट का जाली तार सुरक्षा घेरा हेतु प्रदान किया गया वर्मा ने बताया कि पौधों को पशुओं और अन्य नुकसान से बचाने शुरुआती वर्षों में संरक्षण सबसे जरूरी होता है कार्यक्रम में वर्मा जी के साथ आए श्रमिकों ने ट्री गार्ड लगाकर पौधों को सुरक्षित किया विद्यालय परिसर में पौधा रोपण भी किया गया ताकि हरियाली बढ़े और विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी विकसित हो विद्यालय के प्रधान पाठक और साला परिवार ने वर्मा जी का सम्मान किया और उनके सहयोग व सेवा भावना के लिए आभार जताया।

जरूतमंदों की जिंदगी बचाने बीएसएफ जवानों ने किया रक्तदान

भिलाई। किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने के संकल्प के साथ सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों और जवानों ने राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर रक्तदान किया। रिसाली स्थित सीमा सुरक्षा बल के सामरिक मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित शिविर में जवानों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए 60 यूनिट रक्तदान किया। महानिरीक्षक संजय पंत के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में बीएसएफ के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों के साथ शासकीय जिला चिकित्सालय, दुर्ग की मेडिकल टीम ने सहभागिता की। सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक चले शिविर में एकत्र रक्त जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सकों ने रक्तदान के महत्व की जानकारी देते हुए स्वस्थ लोगों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए प्रेरित किया।



भक्तांबर की 16वीं गाथा में राष्ट्रसंत मणिभद्र मुनि ने दिया आत्मचिंतन का संदेश, 44 दिवसीय अनुष्ठान में भक्ति के साथ सेवा का संकल्प

कार्नर न्यूज

परमात्मा को पाना है तो पहले अपने भीतर उतरिए मन शांत होगा, तभी सुनाई देगी आत्मा की आवाज

दुर्ग। मंदिरों, तीर्थों और धार्मिक स्थलों पर परमात्मा की तलाश करते-करते मनुष्य कई बार उस स्थान को भूल जाता है, जहां से उसकी आध्यात्मिक यात्रा वास्तव में शुरू होनी चाहिए। अपने भीतर। जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब, दुर्ग में चल रहे 44 दिवसीय भक्तांबर संपुष्ट अनुष्ठान की 16वीं गाथा की व्याख्या करते हुए मानव मिलन के संस्थापक एवं नेपाल केसरी राष्ट्रसंत डॉ. मणिभद्र मुनि जी महाराज ने साधकों को इसी अंतर्मुखी साधना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा को पाने के लिए बाहरी भटकाव से अधिक जरूरी अपने भीतर उतरना और स्वयं को पहचानना है।

धर्मसभा में मुनिश्री ने साधकों से कहा कि कुछ समय के लिए शांत होकर आंखें बंद करें और ईमानदारी से अपने भीतर झांकें। मनुष्य ने परमात्मा को तीर्थों, मंदिरों, धर्म स्थानकों, पहाड़ों और आकाश तक में खोजा, लेकिन क्या कभी अपने भीतर उसे तलाशने का प्रयास किया? उन्होंने कहा कि मनुष्य जिस परमात्मा की तलाश में जीवनभर बाहर भटकता है, वह उसके भीतर ही विद्यमान है। जरूरत कहीं और जाने की नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर उतरने की है।



स्वयं से मिलने का अवसर विपरित परिस्थिति

मुनिश्री ने कहा कि बाहर की दुनिया में भीड़, शोर, इच्छाएं, सपने, तुलना और प्रतियोगिता लगातार मनुष्य का ध्यान अपनी ओर खींचते रहते हैं। यही कारण है कि मन निरंतर बाहर की ओर भागता रहता है। इसके विपरीत भीतर मौन है और व्यक्ति अक्सर इसी मौन से बचता है। लेकिन जब वह कुछ समय के लिए बाहरी शोर से दूर होकर अपने भीतर जाता है, तब उसे अपने वास्तविक अस्तित्व को समझने का अवसर मिलता है। आत्मचिंतन की यही प्रक्रिया आध्यात्मिक यात्रा का पहला कदम बनती है। उन्होंने कहा कि जीवन में दुख और कठिन परिस्थितियों के क्षण भी कई बार व्यक्ति को स्वयं से मिलने का अवसर देते हैं।

भक्ति में डूबे साधक

जय आनंद मधुकर रतन भवन में चल रहे अनुष्ठान में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तांबर की गाथाओं का श्रवण और आराधना कर रहे हैं। भक्ति और साधना के इस वातावरण में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर अनुष्ठान में सहभागी बन रहे हैं। आज की भक्तांबर गाथा का लाभ प्रवीण श्रीमाल परिवार द्वारा लिया गया।

44 दिन चलेगा अनुष्ठान

भक्तांबर संपुष्ट अनुष्ठान का आयोजन लगातार 44 दिनों तक जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब, दुर्ग में किया जा रहा है। इस दौरान गाथाओं की व्याख्या के साथ श्रद्धालुओं को साधना, आत्मचिंतन और जीवन को भीतर से बेहतर बनाने का संदेश दिया जा रहा है।



सिटी इवेंट

महिलाओं के बैंक इस बार 200 करोड़ से ज्यादा का किया कारोबार



भिलाई। प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्या. भिलाई-दुर्ग की 31वीं वार्षिक सर्व साधारण सभा का आयोजन 27 सितंबर को महाराष्ट्र मंडल, सेक्टर-4 भिलाई के सभागार में किया गया। बैंक की अध्यक्षा अश्विनी नागले ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि बैंक ने इस वित्तीय वर्ष में 200 करोड़ रुपये का व्यवसाय करते हुए 69 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। बैंक की अंशपूंजी 266 लाख रुपये, रक्षित कोष 326 लाख रुपये तथा कुल निधियां 1471 लाख रुपये हैं। बैंक में 124 करोड़ रुपये के डिपॉजिट और 75 करोड़ रुपये के ऋण एवं अग्रिम हैं, जबकि कार्यशील पूंजी 142 करोड़ रुपये रही। उन्होंने बताया कि वर्ष के दौरान बैंक से 95 नए सदस्य जुड़े, जिससे अंशराशि में 12 लाख रुपये की वृद्धि हुई। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतुल भेलोंडे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के वित्तीय पत्रक प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि बैंक को वर्ष में 269 लाख रुपये का सकल लाभ हुआ। इस दौरान बैंक ने 28 करोड़ रुपये के नए ऋण वितरित किए, जबकि 29 करोड़ रुपये के नए डिपॉजिट प्राप्त हुए। सभा में पारित अंकेक्षण टीप प्रस्तुत की गई, जिसका उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से अनुमोदन किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अंशधारियों को 7.50 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने की, जिसे उपस्थित सदस्याओं ने करतल ध्वनि से अनुमोदित किया। प्रबंधक मुकुंद भोंबे ने वर्ष 2025-26 की लक्ष्य पूर्ति, पूरक बजट तथा वर्ष 2027-28 के लिए 66 लाख रुपये के लाभ का बजट सभा के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया। उपस्थित सदस्याओं ने इसका भी करतल ध्वनि से अनुमोदन किया। कार्यक्रम का संचालन निलीमा सगदेव ने किया। बैंक की उपाध्यक्षा बृजलता चौबे ने आभार प्रदर्शन किया। सभा के अंत में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया और सभा के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर सुषमा चन्द्राकर, लक्ष्मी वैद्य, पुष्पलता नेताम, निहारिका राजे, शुभदा कामडे, सुचिता राजहंस, मीता बैनर्जी, संगीता बन्छोर, अंशु चड्ढा, स्वपना व्यवहारे, कल्पना अवसरमोल एवं दीपाली दाभोलकर सहित बैंक के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

- **प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक 31वीं वार्षिक साधारण सभा में 7 .50 प्रतिशत लाभांश की घोषणा, 124 करोड़ जमा और 75 करोड़ के ऋण व अग्रिम**



लाइव इवेंट

भिलाई निगम के संकल्प शिविर में स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण



भिलाई। नपानिभि द्वारा राज्य शासन के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु शिविर में स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा चिकित्सकीय जांच के बाद आवश्यकतानुसार दवाइयों का वितरण किया गया। स्वच्छता दीदियां नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे प्रतिदिन शहर के विभिन्न वार्डों एवं मैदानी क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई, कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों में अपनी सेवाएं देती हैं। लगातार मैदानी क्षेत्र में कार्य करने के दौरान उन्हें मौसम, धूल, गंदगी एवं अन्य परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराना आवश्यक है। सेवा संकल्प शिविर के माध्यम से स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य की जांच कर उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गई। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आवश्यक जांच के साथ चिकित्सकीय परामर्श दिया गया और जरूरत के अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। इसका उद्देश्य स्वच्छता दीदियों को स्वस्थ रखते हुए उन्हें अपने कार्य को सुरक्षित एवं बेहतर तरीके से करने में सहयोग प्रदान करना है।

एजुकेशन लाइव

कॉलेज विद्यार्थियों की जीवनशैली और पर्यावरणीय जागरूकता पर किया शोध



दुर्ग। शिक्षा के क्षेत्र में शोध कार्य के लिए सहायक प्राध्यापक डॉ. उषा साहू को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के आधुनिकीकरण का उनकी जीवन शैली एवं पर्यावरणीय जागरूकता पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर शोध किया। उनके शोध कार्य में डॉ. छाया सोनपिपरे, सहायक प्राध्यापक शिक्षा, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-7 भिलाई का मार्गदर्शन रहा। पीएचडी की उपाधि मिलने पर डॉ. उषा साहू ने अपने शोध निर्देशक के प्रति आभार जताया। इस उपलब्धि पर उनके पति राजेश साहू, पुत्र पूरब साहू, आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे, प्राचार्या डॉ. पुष्पा पांडे सहित सहायक प्राध्यापक एल. शाने विजय, मधु यादव, ज्योति सिंह, प्रियंका मिश्रा, सिंपल शर्मा, दामिनी साहू और हेमलता सेन ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

सुरों से लेकर ठहाकों तक सजा स्पॉट लाइट

नृत्य, संगीत, फैशन, स्टैंड-अप कॉमेडी और खेलों में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर, तालियों से गूंजता रहा परिसर



भिलाई। पढ़ाई की कक्षाओं से निकलकर जब विद्यार्थियों को अपनी पसंद का मंच मिला तो किसी ने सुर छेड़े, किसी ने नृत्य से रंग जमाया, किसी ने अपनी हास्य प्रस्तुति से ठहाके लगवाए तो किसी ने अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को वेशभूषा के जरिए जीवंत कर दिया। स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको में आयोजित स्पॉटलाइट कार्यक्रम कुछ ऐसा ही रंग लेकर आया, जहां विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और बहुमुखी प्रतिभा एक साथ नजर आई। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुए आयोजन में गीत-संगीत, नृत्य, फैंसी ड्रेस, स्टैंड-अप कॉमेडी, जैमिंग, फोटोग्राफी, रील-ब्लॉग और मनोरंजक खेलों ने पूरे परिसर को दिनभर उत्साह से भर दिया।कार्यक्रम में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. शर्मिला सामल ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा सामने रखने के लिए विविध गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की। प्रबंधन विभागाध्यक्ष सहायक प्राध्यापक खुशबू पाठक ने कहा कि स्पॉटलाइट विद्यार्थियों को बिना संकोच अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देता है। शंकराचार्य शैक्षणिक परिसर के निदेशक डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ. मोनिशा शर्मा ने भी विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि रचनात्मक अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास विकसित करना भी है।



वेशभूषा में दिखी भारत की सांस्कृतिक विविधता

फैंसी ड्रेस में विद्यार्थियों ने अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को अपनी प्रस्तुति का विषय बनाया। नेहा ने छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति प्रस्तुत की। प्रिया सिंह ने बिहार के छठ पर्व और डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा की जानकारी दी। साइना मोदक ने बंगाल की दुर्गापूजा और बंगाली संस्कृति को सामने रखा, वहीं उमेश सिद्ध ने राजस्थान की संस्कृति और पारंपरिक खान-पान की झलक दिखाई। स्टैंड-अप कॉमेडी में फरहाद कामरान ने अपनी चुटीली प्रस्तुति से दर्शकों को खूब हंसाया। वहीं जैमिंग में पुराने और नए लोकप्रिय गीतों का मेल देखने को मिला। यशराज और समूह की प्रस्तुति ने विद्यार्थियों को संगीत की धुन पर झूमने का मौका दिया। खेल गतिविधियों में पुश-अप और एक मिनट में अधिकतम सेल्फी लेने जैसी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

गीतों में सुर, नृत्य में दिखी अलग-अलग शैलियों की छाप



कार्यक्रम की शुरुआत प्रियंका की गीत प्रस्तुति से हुई। अधिगम देवा ओ देवा की प्रस्तुति ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। संचिता एवं समृद्धि ने राहों पर तेरे अगर मेरे साथ है हमसफर, विशाखा ने ये रातें, ये मौसम, ये नदी का किनारा और यशराज ने मुझको इरादे दे, कसमें दे, वादे दे गीत प्रस्तुत किया। बी.कॉम प्रथम वर्ष के टीम मिजाज ने समूह गीत से माहौल में उमंग भर दी। नृत्य में हीरल वस्तानी ने लख-लख परदेसी पर आकर्षक प्रस्तुति दी। अमन ने बदतमीज दिल, संचिता एवं नम्रता ने कांटा लगा रीमिक्स, तनिष्का एवं समूह ने साउथ रीमिक्स और श्रुति ने तेलुगू गीत पर प्रस्तुति दी। अनुष्का एवं समाया समूह ने फ्यूजन नृत्य पेश किया, जबकि पायल एवं चंदा ने उड़िया गीत के माध्यम से क्षेत्रीय रंग बिखेरा।

विजेताओं को प्रमाण-पत्र और स्मृति-चिह्न से सम्मान





गीत में एकल वर्ग में यशराज शर्मा, युगल में संचिता एवं समृद्धि तथा समूह में टीम मिजाज विजेता रही। नृत्य में एकल वर्ग में हीरल वस्तानी, युगल में नम्रता एवं संचिता तथा समूह में तनिष्का एवं समूह ने स्थान बनाया। टेल्स ऑफ स्टेज में प्रिया सिंह और स्टैंड-अप कॉमेडी में फरहाद कामरान विजेता रहे। पुश-अप में ऋषभ निर्मलकर, जैमिंग रन में यशराज शर्मा, यश पांडेय एवं नम्रता तथा सेल्फी गेम में आदित्य पांडेय और यशराज शर्मा ने उपलब्धि हासिल की। जैमिंग गतिविधि में यशराज एवं समूह विजेता रहा। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए। निर्णायक मंडल में डॉ. सुनीता वर्मा, डॉ. मीना मिश्रा, डॉ. एन. बबीता एवं सहायक प्राध्यापक ज्योति मिश्रा शामिल रहीं। आयोजन में सहायक प्राध्यापक अमरजीत, लक्ष्मी वर्मा और इंद्राणी दास का सहयोग रहा। विद्यार्थी समन्वयकों आकांक्षा, आदित्य पांडेय, प्रिया सिंह, ऋषभ, यशराज एवं ऋतिक तथा वीडियोग्राफी में समरजीत का योगदान रहा। अंत में संगीत की धुन पर विद्यार्थियों ने जमकर नृत्य किया और शाम तक परिसर में उत्साह, तालियों और मनोरंजन का सिलसिला चलता रहा।

आयोजन...

स्कूली बच्चों का किया दंत परीक्षण



भिलाई। एमजीएम पब्लिक स्कूल शांति नगर भिलाई ने स्माइल फाउंडेशन और इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सहयोग से स्वास्थ्य व कल्याण विभाग के अंतर्गत कक्षा 3 से 10 तक के छात्रों के लिए दंत जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर प्रधानाचार्या एन्सी वर्गीस के मार्गदर्शन में और स्माइल फाउंडेशन की मैनेजर श्रीमती संतोष खड़ूजा के समन्वय से आयोजित किया गया। 10 दंत चिकित्सकों की एक टीम ने छात्रों के दांतों की जांच की और उन्हें सही मौखिक स्वच्छता, ब्रश करने की तकनीक और नियमित दंत देखभाल के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों को कुछ डेंटल किट भी प्रदान किए। डॉ. दीप्ति राठौड़, संतोष खड़ूजा और पूरी दंत चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया।

संगठन विस्तार के साथ युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 को

भिलाई। छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के तत्वावधान में 4 अक्टूबर को प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन और युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। एक दिवसीय सम्मेलन शंकर नगर स्थित सिंधू सदन, बीटीआई मैदान के सामने सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसमें प्रदेशभर से समाज के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य महासभा के संगठन का विस्तार करने के साथ समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को परिचय के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में प्रांतीय महिला अध्यक्ष लताराणी वैष्णव लोरमी मुख्य अतिथि होंगी। विशेष अतिथि सवितादास वैष्णव रहेंगी। इसके अलावा कविता वैष्णव कुम्हारी, मधुकिशोरी वैष्णव पंडरिया और रेखा वैष्णव रायगढ़ सहित विभिन्न अंचलों से महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी। पुरुष वर्ग से पूरनदास वैष्णव भिलाई, भरतदास वैष्णव भिलाई, अशोक वैष्णव, जानकीदास वैष्णव, कामेश्वर वैष्णव, मुरलीशरण वैष्णव राजनांदगांव, अमित वैष्णव डोंगरगढ़, लखनदास वैष्णव सारंगढ़, कमलेशदास वैष्णव दुर्ग, जितेन्द्र वैष्णव बिलाईगढ़, हीरादास वैष्णव, खेमदास वैष्णव, लक्ष्मीनारायण वैष्णव बसना, प्रांतीय युवा अध्यक्ष विश्वनाथ बैरागी और महासचिव तरुण वैष्णव कोरबा सहित प्रदेशभर के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन राष्ट्रीय महासचिव लखनदास वैष्णव एवं प्रांतीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में होगा।

सीएसपीडीसीएल दुर्ग कार्यालय ने दी विदाई

अपने सेवाकाल के अनुभव और खट्टे मीठे संस्मरण किए साझा, हुए सेवानिवृत्त



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में पदस्थ स्टॉफ ऑफिसर बीएस राजपूत और दफ्तरी अश्विनी साहू के सेवानिवृत्त होने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें आत्मीय विदाई दी। बीएस राजपूत ने 40 वर्ष और अश्विनी साहू ने 39 वर्ष की सेवा पूरी की। समारोह को संबोधित करते हुए सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने दोनों के सेवाकाल और कंपनी में दिए योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ सेवा देना अपने आप में मिसाल है। दोनों ने कठिन परिस्थितियों में भी कंपनी के हितों को प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का कुशलता से निर्वहन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस. मनोज, अधीक्षण अभियंता आर.के. श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता अनसुईया ठाकुर और एके बेनर्जी सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों को शुभकामनाएं दीं। सहकर्मियों ने उनके मिलनसार स्वभाव और कार्य के प्रति लगन को याद करते हुए स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। विदाई समारोह में बीएस राजपूत और अश्विनी साहू ने अपने सेवाकाल के अनुभव और खट्टे-मीठे संस्मरण साझा किए। कार्यालय परिवार की ओर से कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने दोनों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ईसीजीआरएफ अध्यक्ष पी.वी. सजीव, विधि अधिकारी रश्मि शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी एल.पी. चौधरी, प्रोग्रामर सफीना निगार, निज सचिव रमणी राजेन्द्रण, दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवारजन उपस्थित थे।

आस्था वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को भोजन कराकर खेले गेम्स

पितृपक्ष में बुजुर्गों के बीच बांटा अपनापन, भोजन सेवा के साथ हुआ संवाद, अनुभवों से मिली जिंदगी की सीख

कार्नर न्यूज

भिलाई। पितृपक्ष में हम अपने पूर्वजों को याद करते हैं, उनके लिए तर्पण करते हैं और उनकी स्मृतियों को नमन करते हैं। लेकिन इसी दौरान यदि हमारे आसपास मौजूद बुजुर्गों के लिए थोड़ा समय निकालकर उनके साथ बैठें, उनकी बातें सुनें और उनके चेहरे पर मुस्कान लाएं, तो यह भी पूर्वजों के प्रति सच्ची कृतज्ञता का एक रूप हो सकता है। इसी भाव के साथ अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस और पितृपक्ष के अवसर पर सेक्टर-8 स्थित आस्था वृद्ध आश्रम में अध्यात्म पथ सेवा परिवार छत्तीसगढ़ की ओर से सेवा कार्य किया गया। सदस्यों ने वृद्धजनों को भोजन कराया और उनके साथ आत्मीय संवाद कर जीवन के अनुभव सुने। सेवा के दौरान आश्रम का माहौल केवल औपचारिक आयोजन नहीं रहा बल्कि सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उनकी बातें सुनीं और बातचीत के जरिए अपनत्व का एहसास कराया। इस दौरान सदस्यों ने अनुभव किया कि वृद्धजनों को केवल सुविधाओं की नहीं, बल्कि बातचीत, सम्मान और अपनेपन की भी उतनी ही जरूरत होती है।



बुजुर्गों की सेवा ही पितरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि

आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि पितरों को याद करने का सुंदर तरीका यह है कि हम अपने आसपास मौजूद वृद्धजनों को सम्मान और अपनापन दें। बुजुर्गों के पास जीवन का वह अनुभव है, जो किताबों में नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी बच्चों को समय देने के लिए समय तलाशती है, लेकिन बुजुर्गों के लिए समय निकालना कई बार भूल जाती है। अनीता भारद्वाज ने कहा कि जिन बुजुर्गों ने कभी अपने परिवार और घर को संभाला, उन्हें जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलेपन का सामना करना पड़े यह देखना पीड़ा दायक है। सुमन नारायण मोहिते ने कहा कि वृद्धजनों के साथ समय बिताने पर महसूस हुआ कि उन्हें भोजन के साथ बातचीत और अपनत्व की भी जरूरत है।

सेवा से मिलते हैं संस्कार



राजकुमार भल्ला ने कहा कि सेवा किसी पर उपकार नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। आज हम किसी बुजुर्ग का हाथ थामेंगे तो अगली पीढ़ी भी सेवा और सम्मान का यही संस्कार सीखेगी। अंकित आर्य ने कहा कि बुजुर्गों की बातें भले लंबी हों, लेकिन उनमें जिंदगी के ऐसे अनुभव छिपे होते हैं, जो किसी किताब में नहीं मिल सकते। नंदलाल आर्य ने कहा कि पितृपक्ष अपनी जड़ों को याद करने का अवसर है और वृद्धजनों की सेवा उन जड़ों के प्रति जीवंत कृतज्ञता है।

छोटी-सी मुस्कान बनी बड़ी खुशी : प्रशस्या क्षत्रिय ने कहा कि वृद्धजनों के चेहरे पर आई छोटी-सी मुस्कान यह सिखाती है कि खुशी बांटने के लिए बड़ी चीजों की नहीं, सच्चे मन की जरूरत होती है। प्रचित क्षत्रिय एवं नमित क्षत्रिय ने कहा कि बुजुर्गों के साथ समय बिताना अपने आप में एक सीख है। उनकी स्मृतियां परिवार और समाज की जीवित धरोहर हैं। कार्यक्रम में आचार्य डॉ. अजय आर्य, अनीता भारद्वाज, सुमन नारायण मोहिते, भारद्वाज दंपती, राजकुमार भल्ला, अंकित आर्य, नंदलाल आर्य, प्रशस्या क्षत्रिय, प्रचित क्षत्रिय एवं नमित क्षत्रिय सहित सेवाभावी लोग उपस्थित रहे। आश्रम के संचालक प्रकाश गेडाम ने सभी का स्वागत करते हुए सेवा कार्य के लिए आभार जताया। कार्यक्रम अलका संदीप भंडरवार, सेनेगल, पश्चिम अफ्रीका के सहयोग से आयोजित किया गया।

सिटी स्पोर्ट्स

राष्ट्रीय स्क्वैश प्रतियोगिता के लिए राज्यस्तरीय चयन कल रायपुर में



रायपुर। राजस्थान के जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में 23 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय सब-जूनियर एवं जूनियर स्क्वैश प्रतियोगिता' के लिए छत्तीसगढ़ राज्य टीम का चयन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्क्वैश संघ द्वारा इसके लिए चयन स्पर्धा (ट्रायल) का आयोजन 3 अक्टूबर को खेल परिसर, बूढ़ापारा (रायपुर) में किया जा रहा है। इच्छुक व पात्र खिलाड़ी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। चयन स्पर्धा में 11 वर्ष, 13 वर्ष, 15 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे।

छत्तीसगढ़ की बेटी ने राष्ट्रीय मल्लखंब में जीता स्वर्ण पदक



रायपुर। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की ऐतिहासिक नगरी झांसी (उत्तर प्रदेश) में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित 'अखिल भारतीय आमंत्रण मल्लखंब प्रतियोगिता' में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। देश के 14 राज्यों के लगभग 400 खिलाड़ियों की उपस्थिति के बीच जांजगीर-चाम्पा/पामगढ़ की शिक्षा दिनकर ने व्यक्तिगत मल्लखंब स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभर के प्रतिस्पर्धियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा, 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका स्पर्धा में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले रही पामगढ़ की प्रज्ञा कुर्रे ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ मल्लखंब संघ के 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य की ओर से पुष्कर दिनकर और प्रेमचंद्र शुक्ला ने तकनीकी अधिकारी व निर्णायक की भूमिका निभाई। दल प्रबंधक देवराज तिवारी (बिलासपुर) तथा प्रशिक्षक मंगलूराम उसेन्डी (नारायणपुर) थे। टीम में यशपाल, बरेठ, आयुषी, सिद्धार्थ, प्रतीक बंजारे, अभिजीत कुर्रे, समीर कुमार, रोशनी धीवर, हिमांशी, हुसैंती, निधि उसेन्डी सहित नारायणपुर जिले के खिलाड़ियों ने भी अपने खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, संघ के संरक्षक अनिल टाह, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, बिसन कसेर, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह, मनोज प्रसाद, मिलिंद भानदेव, मृणाल मूले, प्रशांत तिवारी, विशाल दुबे, कमलकिशोर निकुंज, किशोर कुमार वैष्णव एवं डॉ. प्रमोद यादव सहित संघ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में छबिलाल ने जीता कांस्य पदक



जामगांव आर। दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के आगे गरीबी कभी रुकावट नहीं बन सकती।ह इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है दुर्ग जिले के जामगांव आर स्थित अकतई गांव के एक साधारण मजदूर परिवार के बेटे छबिलाल निषाद ने। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में छबिलाल ने देशभर से आए 2500 से अधिक प्रतिभागियों को कड़ी टक्कर देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। अकतई गांव के अत्यंत निर्धन मजदूर दंपति उदयराम निषाद और सरिता बाई निषाद के पुत्र छबिलाल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे अंचल में हर्ष का माहौल है। छबिलाल के गांव लौटने पर उनकी चाची व अकतई की सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद तथा सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद ने उनका आत्मीय स्वागत किया। नरोत्तम निषाद ने कहा कि छबिलाल की इस सफलता ने क्षेत्र के युवाओं में एक नया उत्साह और प्रेरणा भरने का काम किया है।

नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट अगले माह

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के द्वारा नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट का आयोजन 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भारत के लगभग 700 जिले भाग लेते हैं। जिसमें प्रत्येक जिले से 13 खिलाड़ी एवं एक प्रबंधक व प्रशिक्षक शामिल होते हैं।

संभालिए अपना दिल, स्थिति होती जा रही गंभीर

घटती उम्र और बढ़ता खतरा, युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनीं हृदय संबंधी बीमारियां



हृदय रोग लंबे समय से वैश्विक स्तर पर एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बना हुआ है, लेकिन वर्ष 2026 के मौजूदा दौर में इसका स्वरूप और भी अधिक चिंताजनक हो गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, बीते सात वर्षों में भारत में हृदय रोग के मामलों में लगभग तीन गुने की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है। पहले जहाँ दिल की बीमारियों को ढलती उम्र की समस्या माना जाता था, वहीं अब 15 से 29 वर्ष के युवा भी इसकी ज़द में आ रहे हैं। साल 2026 में सामने आई मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि युवाओं में सडन कार्डिएक अरेस्ट (अचानक दिल का दौरा) के मामलों में अत्यधिक वृद्धि हुई है। कहीं जिम में कसरत के दौरान, तो कहीं गरबा या शादियों में डांस करते समय अचानक कार्डिएक अरेस्ट से मौतों के कई मामले रिपोर्ट किए गए हैं। कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (CSI) और नवीनतम शोधों के अनुसार, बीते एक दशक में 40 वर्ष से कम आयु के लोगों में हृदयघात के मामलों में 30% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा, छोटे बच्चों में भी हृदय संबंधी समस्याएं देखी जा रही हैं, जिनमें से अधिकतर मामले जन्मजात हृदय दोष (Congenital Heart Defects) से जुड़े हैं।

आईसीएमआर (ICMR) का अलर्ट: क्या हैं समय से पहले दिल के दौरों के कारण?

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) के हालिया अध्ययनों में 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं में अचानक हुई असामयिक मौतों का विस्तृत विश्लेषण किया गया। इस शोध में पाया गया कि पोस्ट-कोविड दुष्प्रभावों के अलावा पारिवारिक जेनेटिक इतिहास, गंभीर मानसिक तनाव, अत्यधिक धूम्रपान, मद्यपान, और शारीरिक श्रम की कमी इसके मुख्य कारण हैं। विशेषज्ञों और स्वास्थ्य मंत्रालय के परामर्श के अनुसार, जिन लोगों को कोविड-19 का गंभीर संक्रमण रहा है या जिनकी मेडिकल हिस्ट्री संवेदनशील है, उन्हें बिना चिकित्सकीय सलाह के अचानक अत्यधिक कठिन शारीरिक परिश्रम या भारी व्यायाम करने से बचना चाहिए।



पश्चिमी देशों की तुलना में एक दशक पहले भारतीय हो रहे शिकार

स्वास्थ्य डेटा दर्शाता है कि भारत में हृदय रोग अन्य देशों की तुलना में लगभग एक दशक पहले दस्तक दे रहा है। हमारे देश में हृदयघात के कुल मामलों में लगभग 50% पीड़ित 50 वर्ष से कम आयु के हैं और 25% मरीज 40 वर्ष से कम उम्र के हैं।

खान-पान में रिफाइंड पाम ऑयल का बढ़ता उपयोग, अत्यधिक सोडियम (नमक) का सेवन, तनाव, जंक फूड, वायु प्रदूषण और अनियंत्रित दिनचर्या ने कम उम्र में ही हाई ब्लड प्रेशर व कोलेस्ट्रॉल की समस्या को बढ़ा दिया है।

हृदय को स्वस्थ रखने के लिए बचाव के उपाय

हृदय रोग विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि कार्डिएक



हेल्थ के खतरे अब किसी एक उम्र तक सीमित नहीं हैं। ऐसे में बचाव ही सबसे कारगर उपाय हैः

संतुलित जीवनशैलीः प्रोसेस्ड और अत्यधिक वसायुक्त भोजन से परहेज करें। संतुलित और फाइबर-युक्त आहार (पौधों पर आधारित आहार) को अपनी प्राथमिकता बनाएं। नियमित जांच (स्क्रीनिंग): वर्ष में कम से कम एक या दो बार ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और ईसीजी (ECG) की जांच अवश्य कराएं।

लक्षणों को न करें नजरअंदाजः सीने में जकड़न, असामान्य पसीना आना, कंधों में दर्द या सांस फूलने जैसे लक्षणों को एसिडिटी या सामान्य थकान समझकर खारिज न करें। मानसिक स्वास्थ्य व व्यायामः तनाव प्रबंधन के लिए योग और ध्यान अपनाएं। अत्यधिक भारी वर्कआउट अचानक शुरू करने से पहले अपनी शारीरिक स्थिति की जांच कराएं।



अनियंत्रित ब्लड शुगर से हो सकता है 'डायबिटिक फुट', रहें सचेत

मधुमेह (डायबिटीज) को अक्सर केवल आंखों की रोशनी कमजोर करने, किडनी को नुकसान पहुंचाने या हृदय रोगों का कारण बनने वाली बीमारी के रूप में देखा जाता है। लेकिन साल 2026 में सामने आए वैश्विक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंकड़े एक और गंभीर संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। यदि आपका ब्लड शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है, तो यह 'डायबिटिक फुट' (Diabetic Foot) नामक खतरनाक स्थिति का रूप ले सकता है, जिसमें संक्रमण फैलने पर मरीज को अपने पैर की उंगलियां या पूरा पैर तक कटवाना (Amputation) पड़ सकता है।

2026 के ताज़ा आंकड़ेः भारत में गहराता संकट

डायबिटीज का बढ़ता दायराः इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) और स्वास्थ्य मंत्रालय के नवीनतम 2025-2026 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 10 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, जबकि लगभग 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटिक स्थिति में हैं। डायबिटिक



फुट के मामलेः मधुमेह से पीड़ित लगभग 15% से 25% मरीज अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार 'डायबिटिक फुट अल्सर' (DFU) का शिकार होते हैं।

गंभीर परिणामः आंकड़ों के मुताबिक, भारत में हर साल लगभग 1 लाख से अधिक लोगों को अनियंत्रित शुगर के कारण अपने पैर या उसके हिस्से की एम्प्यूटेशन (सर्जरी) करानी पड़ती है। वैश्विक स्तर पर स्थिति इतनी गंभीर है कि हर 20 सेकंड में मधुमेह के कारण एक व्यक्ति अपना पैर गंवाता है।

शुगर का सामान्य स्तर और खतरे का संकेत

चिकित्सकों के अनुसार, एक सामान्य व्यक्ति का फास्टिंग (खाली पेट) ब्लड शुगर 70 से 100 mg/dL के बीच होना चाहिए। यदि भोजन के बाद (Postprandial) आपका शुगर लेवल लगातार 130 से 140 mg/dL या इससे अधिक बना रहता है, तो यह खतरे की घंटी है। लंबे समय तक ब्लड शुगर का स्तर बढ़ा रहने से शरीर की छोटी-छोटी रक्त वाहिकाएं (Blood Vessels) और नसें (Nerves) बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने लगती हैं।

क्या है 'डायबिटिक फुट' और यह क्यों होता है?

एंडोक्राइनोलॉजिस्ट्स और वैस्कुलर सर्जन्स के अनुसार, यह समस्या मुख्य रूप से दो कारणों से होती हैः डायबिटिक न्यूरोपैथी (नसें क्षतिग्रस्त होना): पैरों की नसों को नुकसान पहुंचने के कारण मरीज के पैरों की संवेदनशीलता (Sensation) खत्म हो जाती है। पैरों में दर्द, झुनझुनी, जलन या सुन्नता महसूस होती है। संवेदनशीलता घटने के कारण कोई छोटी-मोटी चोट, कट या छिलाव का मरीज को पता ही नहीं चलता। पेरिफेरल आर्टरी डिजीज (रक्त संचार में कमी): नसों के साथ-साथ पैरों तक पहुंचने वाला खून का बहाव बाधित हो जाता है। रक्त संचार कम होने से कोशिकाएं धीरे-धीरे मृत (Necrotic) होने लगती हैं ।



खेल अकादमियों में प्रवेश के लिए 169 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम





रायपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु रायपुर स्थित विभिन्न गैर-आवासीय खेल अकादमियों में खिलाड़ियों के प्रवेश (नवीनीकरण एवं नवीन प्रवेश) के लिए दो दिवसीय चयन ट्रायल गुरुवार को संपन्न हुआ। तीरंदाजी (बालक/बालिका) के लिए तीरंदाजी एरिना के सामने, फुटबॉल (बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) के लिए स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा तथा हॉकी (बालक/बालिका) के लिए हॉकी स्टेडियम पिच-2 में आयोजित चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

चयन ट्रायल के अंतिम दिन गुरुवार को चारों खेलों में पंजीकृत कुल 169 खिलाड़ियों की कौशल दक्षता का कड़ाई से परीक्षण किया गया। वरिष्ठ प्रशिक्षकों एवं विशेषज्ञों ने हॉकी और फुटबॉल के 57-57, तीरंदाजी के 23 और एथलेटिक्स के 32 खिलाड़ियों के खेल कौशल का परीक्षण किया। खिलाड़ियों के सटीक मूल्यांकन के लिए खेल के मानकों के आधार पर दक्षता परीक्षण किया गया।

प्रशिक्षकों और विशेषज्ञों ने फुटबॉल में पासिंग, ड्रिबलिंग, व्यक्तिगत पोजीशन, मैच सेंस और पोजिशनिंग गेम का परीक्षण किया। वहीं आर्चरी में ड्रॉ लेंथ, आई डोमिनेंस, पोस्चर, मेंटल एबिलिटी तथा 20 मीटर शूटिंग का परीक्षण किया गया। एथलेटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर दौड़, पैदल चाल, हाई जंप, लॉन्ग जंप, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक इत्यादि का परीक्षण किया गया। हॉकी में परफेक्शन और एक्युरेसी स्किल टेस्ट के तहत हिट, पुश, स्कूप, स्टॉपिंग, रिसीविंग, टैकलिंग, क्लीयरेंस, पेनल्टी कॉर्नर इंजेक्टर, ड्रैगर, हिटर और गोलकीपर के लिए टी-टेस्ट जैसी तकनीकी योग्यताओं का बारिकी से आकलन किया गया।

केरल राष्ट्रीय पिकलबॉल में छत्तीसगढ़ की टीम दिखाएगी दम

रायपुर। भारतीय पिकलबॉल संघ के तत्वावधान में 'केरल पिकलबॉल संघ' द्वारा आयोजित 10वीं राष्ट्रीय पिकलबॉल प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की 55 सदस्यीय टीम कोच्चि (केरल) पहुंच गई है। यह प्रतियोगिता 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है।

प्रस्थान से पूर्व छत्तीसगढ़ पिकलबॉल संघ की ओर से सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट और प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुमित कटारिया, संदीप शर्मा, अमित जिंदल और शाजी लुकोसे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ पिकलबॉल संघ के सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि टीम में राज्य के प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैंः पुरुष वर्ग (ओपन): राज्य विजेता विशाल निषाद, मोनेश यादव, लुकेश नेताम, प्रेम ध्रुव। महिला वर्ग (ओपन): राज्य विजेता



जितेश्वरी साहू, मेघा, उर्वशी बंजारे, दिनेश्वरी तांडी, पूर्णिमा सोनकर। 14 वर्ष से कम (बालक व बालिका): राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आरिश आगा चौबे, अनिकेत अग्रवाल, संध्या पटेल, श्रेया साव, चाहना मंजार, निधि अग्रवाल। 12 वर्ष से कम (बालक व बालिका): रिधान गोयनका, अथर्व पांडे, आर्यवीर सिंह, संध्या, भद्रकार्निका। 10 वर्ष से कम (बालक व बालिका): अद्वेत सिंह, भद्रकार्निका। 16 वर्ष से कम (बालक): देवाशीष मांझी, अयान सरवत, हर्ष बरडिया, लक्ष्य अग्रवाल। 19 वर्ष से कम (बालक व बालिका): विशाल ध्रुव, जसराज सिंह, आगम अग्रवाल, संस्कृति पांडे, यशीता अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल। वरिष्ठ एवं अति-वरिष्ठ वर्गः 35 वर्ष से अधिक (महिला): सरवत फातिमा,50 वर्ष से अधिक (महिला व पुरुष): शिल्पी मटरेजा, भावना चौहान, दर्शन आरोन, 60 वर्ष से अधिक (पुरुष): अतुल आटले अन्य खिलाड़ी व दल सदस्यः दुलेश्वर साहू, अनुरंजन नथेनियल, मेहुल वर्मा, रिग्नेश शुक्ला, गुलशन कंवर, जय सिवान, श्याम कुकरेजा, शितांशु तिवारी, वीर कौशिक, संयम कुकरेजा, आयुष्मान सिंह, कोमल व यशवंत (युगल), सत्यम व सदानी (युगल), अभिषेक गुप्ता और रितेश यादव शामिल हैं। टीम की प्रशिक्षक काजल हैं।

कार्नर न्यूज

योग हर मौसम में असरदार, बचपन से दीजिए योग के संस्कार

बच्चों के बेहतर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूर सिखाएं योगासन, तंदरुस्ती बरकरार रहेगी आगे भी

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा एक मार्ग की तरह है। शिक्षा प्राप्त करने बच्चे स्कूल जाते हैं। स्कूल में बच्चों को हर दिशा में निपुण बनाने के लिए कई विषयों के बारे में पढ़ाया जाता है। अक्सर बच्चे किसी विषय में कमजोर होते हैं, जिस पर उन्हें अधिक ध्यान लगाने की जरूरत होती है। वहीं कई छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होते हैं, जिसके लिए वह घंटे पढ़ाई करते हैं। हालांकि घंटों बैठकर पढ़ने से अक्सर बच्चों को अनिद्रा, आंखों में जलन, सिर दर्द या शरीर दर्द जैसी समस्या भी होने लगती हैं। पढ़ाई में ध्यान केंद्रित न होने पाने की शिकायत भी आम है। अगर आपका बच्चा भी स्कूल व कोचिंग की घंटो क्लास लेता है, या अपने कमरे में बैठकर घंटों पढ़ाई करता है, तो उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है। बच्चे को शारीरिक तौर पर सक्रिय रहने की भी जरूरत होती है और मस्तिष्क को आराम देना भी जरूरी होती है। ऐसे में यहां कुछ योगासनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। अगली स्लाइड्स में जानिए घंटों बैठकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए योग।



ध्यान केंद्रित करने के लिए योग

पढ़ाई करते समय अक्सर बच्चों को ध्यान केंद्रित नहीं होता। इस कारण उनका मन भटकता रहता है और पढ़ाई में मन नहीं लगता। लगातार किताब लेकर बैठने का अर्थ पढ़ाई करना नहीं होता। बच्चा पढ़ाई पर फोकस कर सके, इसलिए वृक्षासन का अभ्यास कराएं। इस योग से शरीर का संतुलन बना रहता है और ध्यान एकाग्र करने में मदद मिलती है।

वृक्षासन के अभ्यास का तरीका

वृक्षासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर बाएं पैर पर संतुलन बनाते हुए दाएं पैर को मोड़कर तलवे को बाएं पैर की जांघ पर रखें। इस स्थिति में संतुलन बनाएं और हाथों को जोड़ते हुए सिर के ऊपर ले जाते हुए नमस्कार की मुद्रा ले लें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें, बाद में दूसरे पैर से भी प्रक्रिया को दोहराएं।

आंखों को आराम देने के लिए योग

लगातार पढ़ाई से आंखों में दर्द होने लगता है और नजर कमजोर होने की शिकायत भी हो सकती है। आंखों को आराम देने और नजर तेज करने के लिए भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। इस योग से फेफड़ों, कानों और नाक पर भी असर होता है।

भस्त्रिका प्राणायाम का तरीका

इस आसन को करने के लिए सुखासन की मुद्रा में बैठकर गर्दन और रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखें। अब शरीर को बिना हिलाए गहरी सांस लें और तेजी से दोनों नाक से आवाज करते हुए सांस छोड़ें।

स्वास्थ्य के लिए योग

एक ही स्थान पर बैठकर घंटों पढ़ाई करने से शारीरिक सक्रियता कम होने लगती है। गलत पोजीशन में बैठकर पढ़ने या सिर झुकाकर पढ़ाई करने से पीठ व गर्दन में दर्द की समस्या हो जाती है।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'डिगर' में दिखेगा हास्य और भावनाओं का संगम, सैंड्रा और गुडमैन भी निभाएंगे मुख्य भूमिकाएं

टॉम क्रूज और चार बार के ऑस्कर विजेता निर्देशक अलेक्जेंड्रो गों जा ले ज पहली बार आए साथ; हॉलीवुड के महानायक टॉम क्रूज और चार बार के ऑस्कर पु र स्का र



विजेता प्रसिद्ध निर्देशक अलेक्जेंड्रो गोंजालेज इनारितु एक बेहद अनूठे और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए एक साथ आए हैं। उनकी आने वाली नई हास्य-नाटक (कॉमेडी-ड्रामा) फिल्म 'डिगर' की आधिकारिक घोषणा के बाद से ही दुनिया भर के सिनेमा प्रेमियों और प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बेहतरीन मारधाड़ (एक्शन) वाली फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले टॉम क्रूज को एक नए और अनूठे अंदाज में देखने के लिए दर्शक उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। फिल्म 'डिगर' एक अलग तरह का सिनेमाई अनुभव साबित होने जा रही है। यह महज एक सामान्य हास्य फिल्म नहीं होगी, बल्कि इसमें गहरी मानवीय संवेदनाओं, आत्मीय संबंधों और जीवन की जटिलताओं को एक अनूठे तथा मनोरंजक अंदाज में पेश किया जाएगा। निर्देशक अलेक्जेंड्रो गोंजालेज इनारितु, जो अपनी लीक से हटकर और विचारोत्तेजक फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, इस बार दर्शकों के लिए एक बिल्कुल नया और अनूठा सिनेमाई अनुभव लेकर आ रहे हैं। फिल्म 'डिगर' की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक इसकी उत्कृष्ट कलाकार-मंडली (स्टारकास्ट) है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे टॉम क्रूज के साथ-साथ विश्व के कई जाने-माने और अनुभवी कलाकार नजर आने वाले हैं। अपनी शानदार अभिनय क्षमता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकीं अभिनेत्री सैंड्रा हुलर फिल्म में एक बेहद महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगी।

टॉलीवुड

'गीता गोविंदम' के बाद फिर साथ दिखी जोड़ी, विजय और रश्मिका की 'रणबली' इस माह

द क्षि ण भा र ती य सिनेमा की स ब से पसंदीदा और लो क प्रि य जोड़ियों में से एक, विजय



देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' जैसी फिल्मों में अपनी बेमिसाल जुगलबंदी से दर्शकों का दिल जीतने वाली यह जोड़ी अब अपनी आगामी फिल्म 'रणबली' के माध्यम से एक बार फिर वापसी कर रही है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही दोनों के प्रशंसकों के बीच बेहद उत्साह का माहौल बना हुआ है।
फिल्म 'रणबली' साधारण प्रेम कहानी या आधुनिक नाटक न होकर, एक बेहद भव्य और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म की कहानी उन्नीसवीं सदी के औपनिवेशिक भारत के दौर में रची गई है। फिल्म में उस दौर के संघर्ष, राष्ट्रभक्ति, साहस और ऐतिहासिक वातावरण को बेहद करीब से दर्शाया जाएगा। यह एक भारी-भरकम और बड़े बजट की ऐतिहासिक मारधाड़-प्रधान (पीरियड एक्शन-ड्रामा) फिल्म है, जिसमें मारधाड़, भावनाएं और बेहतरीन कथा-शिल्प का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।
फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और इसके निर्देशन की कमान जाने-माने निर्देशक राहुल संकृत्यान संभाल रहे हैं। राहुल संकृत्यान अपनी अनूठी कहानी कहने की शैली और बड़े पर्दे पर भव्य दृश्य रचने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ऐतिहासिक दौर को प्रामाणिक और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करने के लिए फिल्म के मंच (सेट), पहनावे और विशेष प्रभावों पर व्यापक निवेश किया जा रहा है, जिससे यह फिल्म एक अभूतपूर्व सिनेमाई अनुभव बनने जा रही है।

भोजपुरी

ट्रेंडिंग स्टार खेसारी का दिखा रौद्र रूप, आकांक्षा और नीलम के संग आ रहे 'अग्नि परीक्षा' में

भोजपुरी सिनेमा जगत के जाने-माने अभिनेता और 'ट्रेंडिंग स्टार' के नाम से मशहूर खेसारी लाल यादव अपनी नई और बहुप्र तीक्षित फिल्म 'अग्नि परीक्षा' को



लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। हाल ही में निर्माताओं द्वारा इस फिल्म का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया गया है, जिसने सोशल मीडिया पर आते ही हलचल मचा दी है। पोस्टर में खेसारी लाल का अंदाज बेहद अलग और आक्रामक नजर आ रहा है, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों और भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म के जारी हुए पहले पोस्टर में खेसारी लाल यादव एक बेहद निडर, आक्रामक और उग्र रूप वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर की बनावट और रंग-संयोजन से यह साफ झलक रहा है कि फिल्म की कहानी अन्याय के खिलाफ जंग और प्रतिशोध के मुख्य विचार (थीम) पर आधारित हो सकती है। खेसारी का यह सशक्त और मारधाड़ से भरपूर अंदाज उनके अब तक के अभिनय सफर के सबसे मजबूत किरदारों में से एक माना जा रहा है। पोस्टर सामने आते ही प्रशंसकों ने इस पर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं और यह पोस्टर विभिन्न इंटरनेट मंचों पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। फिल्म 'अग्नि परीक्षा' की एक और बड़ी विशेषता इसकी कलाकार-मंडली है। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ दो-दो मुख्य अभिनेत्रियां अपनी अदाकारी का जादू बिखेरती नजर आएंगी।

रेड कारपेट पर चांदी

फैशन की भव्य परेड 'मेट गाला' के लाल कालीन (रेड कारपेट) पर भारतीय उद्यमी मोना पटेल ने अपनी अत्यंत आकर्षक और तकनीकी रूप से उन्नत 'गतिशील पोशाक' (काइनेटिक ड्रेस) के साथ पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर आइरिश वैन हर्पेन द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई इस मनमोहक तटस्थ रंग (न्यूट्रल शेड) की पोशाक में हाथों के समीप तितलियों की भांति गति करती पंखुड़ियां शामिल थीं, जिसने कार्यक्रम की 'समय का उद्यान' (द गार्डन ऑफ टाइम) विषय-वस्तु को नए और अद्भुत आयाम प्रदान किए।



होठों की रंगत के मुताबिक चुनें लिपस्टिक शेड्स

कई बार शीघ्रता में तैयार होते समय हम अपने लिए लिपस्टिक का सही रंग नहीं चुन पाते और इसी कारण अपने पूरे रूप (लुक) को बिगाड़ लेते हैं। यहाँ कुछ ऐसे लिप शेड्स दिए जा रहे हैं जिन्हें आप विशेष रूप से इस त्यौहारों के मौसम में आजमा सकती हैं और अपनी सुंदरता में चार चांद लगा सकती हैं।
गहरे लाल और मैरून रंग की भव्यता
यदि आप गहरे और स्पष्ट रंग लगाना पसंद करती हैं, तो लाल रंग श्रेणी में से मैरून रंग का चुनाव कर सकती हैं। हालांकि मैरून रंग में भी कई शेड्स आपको मिल जाएंगे, परंतु किसी भी रंग को चुनने से पूर्व अपनी त्वचा की रंगत (स्किन टोन) का विशेष ध्यान रखें। वैसे यह रंग लगभग हर प्रकार की त्वचा पर अत्यंत सुंदर दिखाई देता है।

तटस्थ रंग और चमक (न्यूट्रल शेड्स एवं ग्लॉस)

यदि आप मैट रंग से ऊब चुकी हैं और चमकदार लुक अपनाना चाहती हैं, तो किसी भी तटस्थ (न्यूट्रल) रंग की लिपस्टिक लगाकर होठों पर ग्लॉस का प्रयोग कर सकती हैं। रूप को आकर्षक बनाने के लिए आप मुख्य मेकअप (बेस मेकअप) पर भी थोड़ा ध्यान अवश्य दें।

भूरे रंग (ब्राउन शेड्स) का बढ़ता आकर्षण

भूरे रंग की लिपस्टिक को काफी पसंद किया जाने लगा है और यह रंग लगभग हर प्रकार की त्वचा रंगत पर खिलता है। इस रंग समूह में आपको हल्के स्वाभाविक शेड्स (न्यूड शेड्स) से लेकर गहरे और आकर्षक रूप देने वाले भूरे रंग भी आसानी से मिल जाएंगे।

गुलाबी रंगत (ब्लश पिंक) से पाएं निखार

ब्लश पिंक लिपस्टिक रंग विशेष रूप से गोरी त्वचा पर अत्यंत सुंदर दिखता है। इस रंग को आप हल्का-फुल्का बेस मेकअप करके ही होठों पर लगाएं। ऐसा करने से आपका चेहरा बेहद खिला-खिला नजर आने लगेगा। साथ ही गालों के आकर्षण (ब्लश) के लिए भी आप ब्लश पिंक रंग का ही चयन करें।



जैकेट से संवारें अपनी पहनावा शैली, साधारण टिप्स देंगे आकर्षक लुक



जैकेट पहनना सभी को पसंद होता है, इसीलिए लगभग हर किसी के वस्त्र-संग्रह (वॉर्डरोब) में एक जैकेट अवश्य होती है। परंतु क्या जैकेट पहनने के बाद आपका पहनावा पूरी तरह से सही और आकर्षक दिखाई देता है?
यदि नहीं, तो कुछ विशेष ड्रेसिंग टिप्स आपकी सहायता कर सकते हैं। ये वे उपाय हैं जो जैकेट को सही तरीके से पहनना सिखाएंगे और बताएंगे कि आप कि न - कि न माध्यमों से जैकेट को बेहतर ढंग से ढाल सकते हैं। इन उपायों के साथ आपका फैशन स्तर उत्तम होगा, इस बात की पूरी संभावना है:



आ रा म दा य क वस्त्रों के साथ संयोजनः फैशन विशेषज्ञों के अनुसार जैकेट हर प्रकार के वस्त्र पर अच्छी लगती है, बस शर्त इतनी है कि आपका पहनावा आरामदायक (कैजुअल) और थोड़ा ढीला (ओवरसाइज) होना चाहिए।

धारियों वाली शर्ट और चीनोस

ग्रीष्मकाल में जैकेट को स्टाइल करना हो, तो अपनी धारियों (स्ट्राइप्स) वाली शर्ट को पहनावे में शामिल कर लीजिए। इसके साथ आप एक कैजुअल और छुट्टियों वाले मूड में आ जाएंगे। हालांकि इसके साथ सामान्य पैंट या जींस के स्थान पर 'चीनोस' पहनें, इससे आपका लुक सबसे बेहतरीन आएगा।

फार्मल पैंट के साथ तालमेल

जब आपको एक समझदार और कैजुअल लुक चाहिए हो, तो आप औपचारिक (फॉर्मल) पैंट के साथ जैकेट का तालमेल बिठाएं, इससे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली दिखेगा।

चांदी की पायल की चमक लौटाएं घरेलु उपाय से

कई बार चांदी की पायल इतनी अधिक काली पड़ जाती है कि उसे घर में साधारण तरीके से साफ करना कठिन हो जाता है। इसके लिए फिर ज्वैलर्स के पास जाना पड़ता है। परंतु अब आपको ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप अपनी चांदी की पायल को पुनः बिल्कुल नई जैसी चमकीली बनाना चाहते हैं, तो ये घरेलू उपाय सबसे सरल हैं:

नमक और नींबू का घोल

सबसे पहले एक कटोरे में थोड़ा गुनगुना पानी लें। उसमें कम से कम तीन चम्मच नमक मिलाएं और एक पूरा नींबू निचोड़ लें। इसके पश्चात अपनी काली पड़ी पायल को उस पानी में डाल दें। कुछ समय तक पानी में डूबे रहने के बाद जब आप पायल को बाहर निकालेंगे, तो वह बिल्कुल नए जैसी चमकने लगेगी।
सिरका और बेकिंग सोडा का प्रयोग
सिरके की सहायता से भी चांदी की पायल को आसानी से स्वच्छ किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसमें 3 चम्मच सिरका मिलाएं। इसके



साथ ही इसमें 2 चम्मच बेकिंग सोडा भी मिलाएं। अब चांदी के आभूषणों को इस घोल में 2 से 3 घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद आभूषणों को ठंडे पानी से धोकर निकालें और सूखने दें। आपकी चांदी की पायल पुनः नई जैसी चमक उठेगी।

टैटू कला से युवा निखारें अपनी छवि

आजकल अपने शरीर पर टैटू बनवाने का एक नया दौर शुरू हो चुका है। मोहित सूरी की फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' में अभिनेता अर्जुन कपूर के नए रूप ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है। अर्जुन फिल्म में शरीर पर कई टैटू गुदवाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसने उनके व्यक्तित्व को और अधिक निखार दिया है।
हाल ही में अर्जुन ने सोशल मीडिया पर अपने टैटू वाले इस नए रूप की एक झलक साझा की है। तस्वीरों को साझा करते हुए अर्जुन ने टैटू के प्रति अपने विशेष लगाव के बारे में बात की और इसे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का एक माध्यम बताया। उन्होंने कहा, ₹यह आकर्षक, सुंदर और प्रभावशाली है। मैं इसे बेहद पसंद करता हूँ। मैं हमेशा से अपनी फिल्मों में टैटू बनवाना चाहता था और यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि मुझे टैटू से गहरा लगाव है। मेरे लिए ये हमेशा व्यक्तिगत होते हैं। मैं हमेशा बेहतरीन डिजाइनों की खोज में रहता हूँ और लोगों से इस विषय पर चर्चा करता हूँ कि मेरा अगला डिजाइन क्या होगा।₹
'संदीप और पिंकी फरार' के अभिनेता ने इस बात पर भी बल दिया कि वह 'एक विलेन रिटर्न्स' में कुछ बेहद प्रभावशाली टैटू के साथ दिखाई देंगे, जो फिल्म में उनके चरित्र और व्यक्तित्व को परिभाषित करते हैं। टैटू



के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, ₹टैटू बनवाने का हर व्यक्ति के लिए एक अलग अर्थ होता है, मेरे लिए यह हमेशा अपनी आत्मा के एक हिस्से को अपने शरीर पर उकेरने जैसा है।

कार्नर न्यूज

सिर्फ 15 मिनट में पा सकती हैं आप भव्य और आकर्षक रूप

सीधे पल्ले की साड़ी का फैशन लाएगा आपके रूप में निखार त्योहारों और शादियों में अपनाएं यह खास पारंपरिक रूप

त्यौहारों का आगमन हो रहा है और इसके पश्चात विवाह का अवसर प्रारंभ होने वाला है। पितृपक्ष के समापन के बाद नवरात्रि, दशहरा और दीपावली की धूम रहेगी, जिसके तुरंत बाद शादियों की रौनक छा जाएगी। ऐसे में आपने भी अपने वस्त्र-संग्रह (वॉर्डरोब) में से भारी-भरकम साड़ियों को बाहर निकाल लिया होगा। परंतु जब इन्हें पहनने की बात आती है, तो बहुधा हम यही सोचते हैं कि इन्हें किस प्रकार से धारण किया जाए ताकि यह दिखने में सुंदर लगे और हमारा रूप भी निखर कर आए।
ऐसे में सबसे पहला विचार यही आता है कि इस बार सीधे पल्ले की साड़ी को आजमाया जाए। यह एक पारंपरिक साड़ी पहनने की शैली है, जिससे अत्यंत शालीन और सुंदर रूप मिलता है। यद्यपि इसे बांधना बहुत सरल नहीं है, परंतु आप यहाँ बताई गई सहज शैलियों में इसे आसानी से धारण कर सकती हैं:

प्लीटेड पल्ला शैली

यदि आपको सीधे पल्ले की साड़ी बांधना अच्छे से नहीं आता, तो आप



सीधे पल्ले के लिए व्यवस्थित प्लीट्स (परतों) वाली शैली बना सकती हैं। यह काफी सरलता से बन जाती है। इसे बांधने के लिए सर्वप्रथम साड़ी के पल्ले की लंबाई थोड़ी अधिक रखें। पहले साड़ी की निचली प्लेट्स बनाकर टक करें, तत्पश्चात पल्ले की पतली-पतली प्लेट्स बनाकर उन्हें अच्छे से व्यवस्थित करें। सुरक्षा पिन की सहायता से इसे कंधे पर सुरक्षित कर लें। इस प्रकार से आपकी सीधे पल्ले की साड़ी मात्र 15 मिनट में बंध जाएगी। आप चाहें तो कमर पर बेल्ट (कमरबंद) लगाकर भी इसे आधुनिक रूप दे सकती हैं।

जलपरी (मरमेड) शैली

विवाह के आयोजनों में आप मरमेड शैली में भी सीधे पल्ले की साड़ी बांध सकती हैं। इसके लिए प्रसिद्ध साड़ी ड्रैपिंग विशेषज्ञों द्वारा बताए गए तरीके अपनाए जा सकते हैं। इसमें पल्ले को आगे की तरफ लाकर खूबसूरती से पिन किया जाता है और निचले हिस्से को शरीर के आकार के अनुसार व्यवस्थित किया जाता है, जिससे साड़ी नीचे से जलपरी के आकार जैसी दिखाई देती है। यह शैली आपको किसी भी विवाह समारोह में एक विशिष्ट आकर्षण प्रदान करेगी।

मुक्त पल्ला (फ्री पल्ला) शैली

आप चाहें तो मुक्त पल्ले (फ्री पल्ला) वाली शैली भी अपना सकती हैं। इस तरीके से साड़ी पहनना अत्यंत आरामदायक और आकर्षक लगता है। इसे बांधना बेहद सरल है; इसके लिए आपको सीधे पल्ले को बिना प्लेट्स बनाए मुक्त शैली में कंधे पर पिन करना होता है। इस शैली को आप चाहें तो लहंगे के साथ भी आजमा सकती हैं। इस बार सामान्य साड़ी के स्थान पर सीधे पल्ले की साड़ी धारण करें, आपका रूप अत्यंत मनमोहक नजर आएगा।

